

Chapter
# 21
# रासायनिक विश्लेषण

रसायनशास्त्र की वह शाखा जिसके अन्तर्गत पदार्थों का गुणात्मक विश्लेषण (Qualitative analysis) तथा मात्रात्मक विश्लेषण (Quantitative analysis) का अध्ययन किया जाता है, रासायनिक विश्लेषण कहलाता है ।

गुणात्मक विश्लेषण *(Qualitative analysis)* : एक लवण के दो भाग होते हैं जिन्हें मूलक कहते हैं। लवण का धनावेशित (कैटायन) भाग जो, क्षार का व्युत्पन्न होता है, क्षारीय मूलक कहलाता है तथा लवण का ऋणावेशित भाग (एनायन) जो, अम्ल का व्युत्पन्न होता है, अम्लीय मूलक कहलाता है। अकार्बनिक गुणात्मक विश्लेषण में दिये गये यौगिक के लिए अम्लीय तथा क्षारीय मूलक (कैटायन तथा एनायन) का विश्लेषण किया जाता है। उदाहरण : **जिंक ब्लेन्डी** में $Zn^{2+}$ तथा $S^{2-}$ आयन का विश्लेषण किया जाता है।

## विभिन्न गैसों का परीक्षण (Test for different gases)

### (1) रंगहीन गैसों का परीक्षण

(i) ***$CO_2$ गैस का परीक्षण***: यह रंगहीन, गंधहीन गैस है, जब इसे चूने के पानी से अधिकता में गुजारा जाता है तो यह सफेद अवक्षेप देती है जो $CO_2$ के आधिक्य में घुल जाता है।

$$\underset{\text{चूने का पानी}}{Ca(OH)_2} + CO_2 \rightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{CaCO_3} \downarrow + H_2O$$

$$\underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{CaCO_3} + \underset{\text{आधिक्य}}{CO_2} + H_2O \rightarrow \underset{\text{घुलनशील}}{Ca(HCO_3)_2}$$

(ii) ***CO गैस का परीक्षण***: यह रंगहीन, गंधहीन गैस है। यह ज्वाला में नीला रंग देती है। $2CO + O_2 \rightarrow 2CO_2$

(iii) ***$O_2$ गैस का परीक्षण***: यह रंगहीन, गंधहीन गैस है।

(iv) ***$H_2S$ गैस का परीक्षण***: यह एक रंगहीन गैस है जिसकी गंध सड़े अण्डे जैसी होती है। यह नमी युक्त लैड एसीटेट पेपर को काला कर देती है।

$$(CH_3COO)_2Pb + H_2S \rightarrow 2CH_3COOH + \underset{\text{काला}}{PbS}$$

(v) ***$SO_2$ गैस का परीक्षण***: यह एक रंगहीन गैस है जो कि सल्फर के जलने पर दम घोटती है। यह अम्लीय $K_2Cr_2O_7$ विलयन को हरा कर देती है।

$$3SO_2 + K_2Cr_2O_7 + H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + \underset{\text{हरा}}{Cr_2(SO_4)_3} + H_2O$$

(vi) ***$NH_3$ गैस का परीक्षण***: यह अमोनियामय गंध के साथ रंगहीन गैस है। यह $HCl$ के साथ $NH_4Cl$ का श्वेत धूम्र देती है $NH_3 + HCl \rightarrow \underset{\text{श्वेत धूम्र}}{NH_4Cl}$ यह नैसलर अभिकर्मक के साथ भूरा अवक्षेप देती है।

$$\underset{\text{नैसलर अभिकर्मक}}{2K_2[HgI_4]} + NH_3 + KOH \rightarrow \underset{\substack{\text{मिलन क्षार का आयोडीन} \\ \text{(भूरा अवक्षेप)}}}{NH_2HgOHgI} + 7KI + 2H_2O$$

यह $CuSO_4$ विलयन में गहरा नीला रंग देती है। $CuSO_4 + 4NH_3 \rightarrow \underset{\text{गहरा नीला}}{[Cu(NH_3)_4]SO_4}$. $NH_3$ जल में घुलकर $NH_4OH$ बनाती है। जो लाल लिटमस पेपर को नीला कर देता है।

$$NH_3 + H_2O \rightarrow NH_4OH \rightleftharpoons NH_4^+ + OH^-.$$

(vii) ***HCl गैस का परीक्षण***: यह तीक्ष्णगंध के साथ रंगहीन गैस है। यह नमीयुक्त नीले लिटमस पेपर को लाल रंग में परिवर्तित करती है अतः यह अम्लीय प्रकृति की होती है। यह $AgNO_3$ विलयन के साथ श्वेत अवक्षेप देता है। यह श्वेत अवक्षेप $NH_4OH$ विलयन में घुलनशील होता है।

$$HCl + AgNO_3 \rightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{AgCl} + HNO_3;$$

$$AgCl + 2NH_4OH \rightarrow \underset{\text{घुलनशील}}{[Ag(NH_3)_2]} + 2H_2O.$$

(viii) ***$CH_3COOH$ वाष्प का परीक्षण***: इसकी वाष्प रंगहीन तथा सिरके के गंध वाली होती है।

### (2) रंगीन गैसों का परीक्षण

(i) ***$Cl_2$ गैस का परीक्षण***: यह तीक्ष्ण गंध वाली हरी-पीली गैस है। इसकी अल्प मात्रा रंगहीन होती है। यह नमीयुक्त लिटमस पत्र (पेपर) को रंगहीन कर देती है। $Cl_2 + H_2O \rightarrow 2HCl + [O]$

रंग $+[O] \rightarrow$ रंगहीन, यह नीले लिटमस पत्र को पहले लाल करती है तत्पश्चात रंगहीन कर देती है।

(ii) ***$Br_2$ गैस का परीक्षण***: यह तीक्ष्ण गंध वाली भूरी गैस है। यह नमी युक्त स्टार्च पेपर को पीला कर देती है।

(iii) ***$I_2$ गैस का परीक्षण*** : यह तीक्ष्ण गंध वाली बैंगनी गैस है। यह नमी युक्त स्टार्च पेपर को नीला कर देती है।

(iv) ***$NO_2$ गैस का परीक्षण*** : यह भूरे रंग की तीक्ष्ण गंध वाली गैस है। यह नमीयुक्त स्टार्च $KI$ पेपर को नीला कर देती है

$$2KI + 2NO_2 \rightarrow 2KNO_2 + I_2\ ;\ \ I_2 + \text{स्टार्च} \rightarrow \text{नीला रंग}$$

यह फैरस सल्फेट विलयन को काला कर देती है

$$3FeSO_4 + NO_2 + H_2SO_4 \rightarrow Fe_2(SO_4)_3 + \underset{\text{काला भूरा}}{FeSO_4.NO} + H_2O$$

## अकार्बनिक लवणों का क्रमबद्ध गुणात्मक विश्लेषण
## Systematic procedure for qualitative analysis of inorganic salts

यह निम्न चरणों में होता है : (1) प्राथमिक परीक्षण (2) अम्लीय मूलकों का वेट (नम) परीक्षण तथा (3) क्षारीय मूलकों का वेट (नम) परीक्षण

(1) **प्राथमिक परीक्षण** (Preliminary tests)

(i) ***भौतिक परीक्षण*** : इसमें रंग, गंध, घनत्व आदि का अध्ययन किया जाता है।

**सारणी : 21.1 रंग**

| रंग | लवण |
|---|---|
| काला | ऑक्साइड : $MnO_2, FeO, CuO, Co_3O_4,\ Ni_2O_3$<br>सल्फाइड : $Ag_2S, CuS, Cu_2S, FeS, CoS, NiS$, $PbS, HgS$, $Bi_2S_3$ (काला भूरा) |
| नीला | जलीय $CuSO_4$, निर्जल $CoSO_4$ |
| नारंगी | $KO_2$, कुछ डाइक्रोमेट $(K_2Cr_2O_7), Sb_2S_3$, फैरीसाइनाइड |
| हरा | निकिल लवण, जलीय फैरस लवण, पोटेशियम परमेंग्नेट $(KMnO_4)$, कुछ कॉपर (II) लवण |
| भूरा-पीला | $SnS$ |
| गहरा-भूरा | $PbO_2, Ag_2O, CdO, Fe_2O_3, CuCrO_4, FeCl_3$ परन्तु तनु जलीय विलयन में पीला |
| हल्का भूरा | $MnCO_3$ |
| हल्का गुलाबी | जलीय मैंग्नीज लवण |
| लाल-गुलाबी | जलीय कोबाल्ट (II) लवण |
| लाल | $HgI_2, Pb_3O_4$ |
| पीला | $CdS, PbI_2, AgBr, AgI$, क्रोमेट |

*विभिन्न यौगिकों पर ऊष्मा का प्रभाव* : अधिकांश अकार्बनिक लवण ताप द्वारा विघटित होते हैं और संगत गैस मुक्त होती है इस तरह की कुछ अभिक्रियायें निम्नलिखित सारणी में हैं,

(ii) ***शुष्क गर्म*** : पदार्थ को शुष्क परखनली में गर्म करते हैं ।

**सारणी : 21.2**

| प्रेक्षण | निष्कर्ष |
|---|---|
| (a) एक गैस या वाष्प उत्सर्जित होती है। | जल के साथ क्रिस्टलीय यौगिक |
| लिटमस पेपर परीक्षण पर वाष्प या गैस का उत्सर्जन | अमोनिया के लवण, अम्लीय लवण तथा हाइड्रॉक्साइड (रंग परिवर्तन के आधार पर) |
| वाष्प, क्षार है | अमोनियम लवण |
| वाष्प, अम्ल है | प्रबल अम्ल में वियोजित होने वाले लवण |
| ऑक्सीजन मुक्त होती है | नाइट्रेट, क्लोरेट तथा कुछ ऑक्साइड |
| डाईनाइट्रोजन ऑक्साइड | अमोनियम नाइट्रेट या नाइट्राइट मिश्रण अमोनियम लवण के साथ |
| काला भूरा या लाल धुंआँ (नाइट्रोजन के ऑक्साइड) अम्लीय क्रिया | भारीधातु के नाइट्रेट तथा नाइट्राइट |
| $CO_2$ मुक्त होती है, चूने का पानी धुँधला हो जाता है | कार्बोनेट या हाइड्रोजन कार्बोनेट |
| $NH_3$ मुक्त होती है जो लाल लिटमस को नीला करती है | अमोनियम लवण |
| $SO_2$ मुक्त होती है जो अम्लीय $K_2Cr_2O_7$ को हरे रंग में बदलती है, फ्यूशिन रंग को रंगहीन करती है। | सल्फेट एवं थायोसल्फेट |
| $H_2S$ मुक्त होती है, यह लैड एसीटेट पेपर को काला या कैडमियम एसीटेट को पीला करती है। | हाइड्रेट, सल्फाइड, या जल की उपस्थिति में सल्फाइड |
| $Cl_2$ गैस मुक्त होती है, पीली-हरी गैस, लिटमस पेपर को रंगहीन, स्टार्च युक्त $KI-$ विलयन को नीला करती है जहरीली होती है। | अस्थायी क्लोराइड, जैसे - ऑक्सीकारक की उपस्थिति में कॉपर क्लोराइड |
| $Br_2$ मुक्त होती है (लाल भूरा, प्रतिदीप्ति पेपर को लाल करती है) | ऑक्सीकारक की उपस्थिति में ब्रोमाइड |
| $I_2$ मुक्त होती है, बैगनी वाष्प काले क्रिस्टल में संघनित होती है। | मुक्त आयोडीन तथा कुछ आयोडाइड |
| (b) उर्ध्वपातित उत्पन्न होते हैं | अमोनियम तथा मरकरी (पारा) के लवण |
| श्वेत उर्ध्वपातित | $As_2O_3, Sb_2O_3$ |
| ग्रे (Grey) उर्ध्वपातित | $Hg$ |
| स्टिल ग्रे (इस्पात ग्रे) लहसुन जैसी गंध | As |
| पीला उर्ध्वपातित | $S, As_2S_3\ HgI_2$ (लाल) |

**सारणी : 21.3**

| | | |
|---|---|---|
| $\underset{\text{लाल}}{2HgO} \xrightarrow{\Delta} \underset{\text{चाँदी जैसा जमाव}}{2Hg} + O_2$ | $\underset{\text{लाल}}{2Pb_3O_4} \xrightarrow{\Delta} 6\underset{\text{पीला}}{PbO} + O_2$ | $\underset{\text{भूरा}}{2PbO_2} \xrightarrow{\Delta} 2PbO + O_2$ |
| $\underset{\text{हरा}}{CuCO_3} \xrightarrow{\Delta} CuO + CO_2$ | $\underset{\text{सफेद}}{ZnO_3} \xrightarrow{\Delta} \underset{\text{पीला (गर्म) श्वेत (ठण्डा)}}{ZnO} + CO_2$ | $\underset{\text{नीला}}{CuSO_4.5H_2O} \xrightarrow{\Delta} \underset{\text{सफेद}}{CuSO_4} + 5H_2O$ |
| $CuSO_4 \xrightarrow{\Delta} CuO + SO_3$ | $2FeSO_4 \xrightarrow{\Delta} Fe_2O_3 + SO_2 + SO_3$ | $2Ag_2O \rightarrow 4Ag + O_2$ |
| $\underset{\text{सफेद}}{2Zn(NO_3)_2} \xrightarrow{\Delta} 2ZnO + 4\underset{\text{भूरा}}{NO_2} + O_2$ | $2AgNO_3 \xrightarrow{450°C} 2Ag + 2NO_2 + O_2$ | $2Cu(NO_3)_2 \rightarrow 2CuO + 4NO_2 + O_2$ |

| | | |
|---|---|---|
| $2Ag_2CO_3 \rightarrow 4Ag + 2CO_2 + O_2$ | $2Pb(NO_3)_2 \rightarrow 2PbO + 4NO_2 + O_2$ | $\underset{\text{नारंगी}}{(NH_4)_2Cr_2O_7} \rightarrow N_2 + \underset{\text{हरा}}{Cr_2O_3} + 4H_2O$ |
| $2NaHCO_3 \rightarrow Na_2CO_3 + CO_2 + H_2O$ | $NH_4HCO_3 \rightarrow NH_3 + CO_2 + H_2O$ | $CaCO_3 \rightarrow CaO + CO_2$ |
| $2NaNO_3 \rightarrow 2NaNO_2 + O_2$ | $MgCO_3 \rightarrow MgO + CO_2$ | $2NH_3 \xrightarrow{\text{लाल गर्म}} N_2 + 3H_2$ |
| $2Mg(NO_3)_2 \rightarrow 2MgO + 4NO_2 + O_2$ | $2Ca(NO_3)_2 \rightarrow 2CaO + 4NO_2 + O_2$ | $Al_2(SO_4)_3 \xrightarrow{\text{लाल गर्म}} Al_2O_3 + 3SO_3$ |
| $2CaSO_4.2H_2O \rightarrow \underset{\text{प्लास्टर ऑफ पेरिस}}{2CaSO_4.H_2O} + 2H_2O$ | $2AlCl_3.6H_2O \rightarrow Al_2O_3 + 6HCl + 9H_2O$ | $2BeSO_4 \xrightarrow{\Delta} 2BeO + 2SO_2 + O_2$ |
| $2AgNO_3 \xrightarrow{350^oC} 2AgNO_2 + O_2$ | $2MgSO_4 \xrightarrow{\Delta} 2MgO + 2SO_2 + O_2$ | $2ZnSO_4 \xrightarrow{\Delta} 2ZnO + 2SO_2 + O_2$ |
| $(COO)_2Sn \xrightarrow{\Delta} SnO + CO_2 + CO$ | $CaC_2O_4 \rightarrow CaCO_3 + CO$ | $NH_4NO_2 \rightarrow N_2 + 2H_2O$ |
| $NH_4NO_3 \rightarrow N_2O + 2H_2O$ | $2KClO_3 \rightarrow 2KCl + 3O_2$ | $2FeCl_3 \rightarrow 2FeCl_2 + Cl_2$ |
| $Li_2CO_3 \rightarrow Li_2O + CO_2$ | $(COO)_2Fe \rightarrow FeO + CO + CO_2$ | $2KMnO_4 \rightarrow K_2MnO_4 + MnO_2 + O_2$ |
| $MgCl_2.6H_2O \rightarrow HgCl_2 + Hg$ | $NH_4Cl \rightarrow NH_3 + HCl$ | $2LiNO_3 \rightarrow Li_2O + 2NO_2 + \frac{1}{2}O_2$ |
| $Hg(NO_3)_2 \rightarrow Hg + 2NO_2 + O_2$ | $2CuCl_2 \xrightarrow{\Delta} Cu_2Cl_2 + Cl_2$ | $2Co(NO_3)_2 \xrightarrow{\Delta} 2CoO + 4NO_2 + O_2$ |

| | |
|---|---|
| $4K_2Cr_2O_7 \rightarrow 4K_2CrO_4 + 2Cr_2O_3 + 3O_2$ | $2Mg(NH_4)PO_4 \xrightarrow{\Delta} Mg_2P_2O_7 + H_2O + 2NH_3$ |
| $2Zn(NH_4)PO_4 \xrightarrow{\Delta} Zn_2P_2O_7 + H_2O + 2NH_3$ | $K_4Fe(CN)_6 \xrightarrow{\Delta} 4KCN + Fe + 2C + N_2$ |
| $ZnCl_2.2H_2O \xrightarrow{\Delta} Zn(OH)Cl + HCl + H_2O$ | $2(ZnCl_2.H_2O) \xrightarrow{\Delta} Zn_2OCl_2 + 2HCl + H_2O$ |
| $2[FeCl_3.6H_2O] \xrightarrow{\Delta} Fe_2O_3 + 9H_2O + 6HCl$ | $2ZnSO_4 \xrightarrow{800^oC} 2ZnO + 2SO_2 + O_2$ |

| |
|---|
| $Na_2B_4O_7.10H_2O \xrightarrow{\Delta} Na_2B_4O_7 \xrightarrow{\Delta} \underset{\text{काँच जैसी बीड}}{2NaBO_2 + B_2O_3}$ |
| $H_3BO_3 \xrightarrow{100^oC} HBO_2 \xrightarrow{160^oC} H_2B_4O_7 \xrightarrow{\text{लाल गर्म}} B_2O_3$ |
| $ZnSO_4.7H_2O \xrightarrow[-H_2O]{70^oC} ZnSO_4.6H_2O \xrightarrow[-5H_2O]{100^oC} ZnSO_4.H_2O \xrightarrow{450^oC} ZnSO_4$ |

(iii) ***ज्वाला परीक्षण*** *(Flame test)*

*ज्वाला रंग के लक्षण* : कुछ धातु और उनके लवण बुन्सन बर्नर ज्वाला में विशिष्ट रंग देते हैं।

(a) *Pb* ज्वाला में हल्का हरा रंग देता है।

(b) *Cu* तथा *Cu* के लवण ज्वाला में नीला या हरा रंग देते हैं।

(c) बोरेट भी ज्वाला में हरा रंग देते हैं।

(d) *Ba* तथा इसके लवण ज्वाला में सेब जैसा हरा (apple green) रंग देते हैं।

(e) *Sr* ज्वाला में क्रिमसन लाल रंग देता है।

(f) *Ca* ज्वाला में ईंट जैसा लाल (brick red) रंग देता है।

(g) *Na* ज्वाला में पीला रंग देता है।

(h) *K* ज्वाला में गुलाबी-बैंगनी रंग देता है।

(i) *Li* ज्वाला में क्रिमसन लाल रंग, *Rb* बैगनी रंग तथा *Cs* बैंगनी रंग देता है।

(j) *As, Sb* तथा *Bi* द्वारा ज्वाला में नीला रंग देती हैं।

(iv) ***बोरेक्स बीड परीक्षण*** : जब पारदर्शी चमक से युक्त बीड $(NaBO_2 + B_2O_3)$ को अकार्बनिक लवण के साथ गर्म किया जाता है तथा प्राप्त रंग की सहायता से उसमें उपस्थित धनायन की जानकारी प्राप्त होती है।

**सारणी : 21.4**

| बीड का ऑक्सीकरण ज्वाला में रंग | बीड का अपचयन ज्वाला में रंग | उपस्थित क्षारीय मूलक |
|---|---|---|
| गर्म पर हरा, ठण्डे पर नीला | लाल तथा अपारदर्शी | *Cu* |
| गर्म तथा ठण्डे में गहरा हरा | समान | *Cr* |
| गहरा नीला | गहरा नीला | *Co* |
| गर्म पर पीला | हरा | *Fe* |
| गर्म तथा ठण्डे में बैंगनी | रंगहीन | *Mn* |
| ठण्डे में भूरा | काला या ग्रे या अपारदर्शी | *Ni* |

**माइक्रोकॉस्मिक लवण का बीड परीक्षण** (Microcosmic salt bead test) : माइक्रोकॉस्मिक लवण $Na(NH_4)HPO_4.4H_2O$ का उपयोग, बोरेक्स के समान कुछ धनायनों की पहचान करने में किया जाता है। जब माइक्रोकॉस्मिक लवण को प्लेटीनम तार की कुण्डली में गर्म किया जाता है तो सोडियम मेटाफास्फेट का रंगहीन, पारदर्शी बीड प्राप्त होता है।

$$Na(NH_4)HPO_4.4H_2O \rightarrow Na(NH_4)HPO_4 + 4H_2O$$

$$Na(NH_4)HPO_4 \rightarrow NaPO_3 + NH_3 + H_2O$$

अब $NaPO_3$, धात्विक ऑक्साइड से क्रिया करके रंगीन ऑर्थोफॉस्फेट बनाता है

$NaPO_3 + CuO \rightarrow NaCuPO_4$ (नीला);

$NaPO_3 + CoO \rightarrow NaCoPO_4$ (नीला) ;

$NaPO_3 + Cr_2O_3 \rightarrow NaPO_3.Cr_2O_3$ (हरा)

(v) ***चारकोल गुहा परीक्षण*** (*Charcoal cavity test*)

**सारणी : 21.5**

| (a) *यौगिक सीधे गुहा में प्रवाहित होता है* | |
|---|---|
| **बीड की प्रकृति तथा रंग** | **धनायन** |
| पीली, भंगुर बीड | $Bi^{3+}$ |
| पीली, नर्म बीड जो कागज पर निशान देती है | $Pb^{2+}$ |
| श्वेत, भंगुर | $Sb^{3+}$ |
| गर्म में श्वेत-पीला | $ZnO$ |
| श्वेत लहसुन जैसी गंध | $As_2O_3$ |
| भूरा | $CdO$ |
| भूरे धात्विक कण जो चुम्बक द्वारा आकर्षित होते हैं | $Fe, Ni, CO$ |
| आघातवर्ध्य बीड | *Ag* और *Sn* (श्वेत), *Cu* (लाल) |

(b) *यौगिक को $Na_2CO_3$ क्रिस्टल के साथ मिश्रित करते हैं*

पदार्थ<br>तापीय चटक ] लवण $NaCl, KCl$ ;

पदार्थ<br>ज्वाला के साथ जलना ] $NO_3^-, NO_2^-$ क्लोरेट जैसे ऑक्सीकारक

पदार्थ जो अगलनीय होते हैं, परीक्षण (a) देते हैं

(vi) ***कोबाल्ट नाइट्रेट परीक्षण***

**सारणी : 21.6**

| रंग | संघटन | परिणाम |
|---|---|---|
| नीला अवशेष | $CoO . Al_2O_3$ | $Al$ |
| हरा अवशेष | $CoO . ZnO$ | $ZnO$ |
| गुलाबी गंदा अवशेष | $CoO . MgO$ | $MgO$ |
| नीला अवशेष | $NaCoPO_4$ | $PO_4^{3-}$, *Al* की अनुपस्थिति में |

(2) **अम्लीय मूलकों का नम परीक्षण :** लवण या मिश्रण को तनु $H_2SO_4$ तथा सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ पृथक-पृथक क्रिया कराके, विमुक्त गैस के निरीक्षण तथा परिणामात्मक निष्कर्ष से ऋणायन को ज्ञात किया जाता है।

**सारणी : 21.7 तनु $H_2SO_4$ द्वारा निरीक्षण**

| **निरीक्षण** | **अम्लीय मूलक** | **पुष्टीकरण परीक्षण** |
|---|---|---|
| तीव्र बुदबुदाहट (बुलबुलें) के साथ रंगहीन तथा गंधहीन गैस । | $CO_3^{2-}$ (कार्बोनेट) | गैस चूने के पानी को दूधिया कर देती है परन्तु गैस अधिकता में मिलाने पर दूधिया रंग हल्का होने लगता है। (हटने लगता है) $Na_2CO_3 + H_2SO_4 \longrightarrow Na_2SO_4 + H_2O + CO_2$<br>$\underset{\text{चूने का पानी}}{Ca(OH)_2} + CO_2 \longrightarrow \underset{\text{दूधिया}}{CaCO_3} + H_2O$<br>$CaCO_3 + H_2O + CO_2 \longrightarrow \underset{\text{घुलनशील}}{Ca(HCO_3)_2}$ |
| भूरा धुआँ | $NO_2^-$ (नाइट्राइट) | *KI* तथा स्टार्च विलयन मिलाने पर नीला रंग<br>$2NaNO_3 + H_2SO_4 \longrightarrow Na_2SO_4 + 2HNO_2$ या $HNO_2 \longrightarrow NO$ (रंगहीन);<br>$2NO + O_2$(वायु) $\longrightarrow 2NO_2$ (भूरा)<br>$2KI + H_2SO_4 + 2NHO_2 \longrightarrow K_2SO_4 + 2H_2O + 2NO + I_2$<br>$I_2$ + स्टार्च $\longrightarrow$ नीला रंग |
| गर्म करने पर सड़े अण्डे की गंध ($H_2S$ गंध) | $S^{2-}$ (सल्फाइड) | गैस, लैड एसीटेट पेपर को काला करती है।<br>सोडियम कार्बोनेट निष्कर्ष $(SE)^*$ + सोडियम नाइट्रोप्रूसाइड़ – हल्का गुलाबी,<br>$Na_2S + H_2SO_4 \longrightarrow H_2S + Na_2SO_4$<br>$H_2S + (CH_3COO)_2Pb \longrightarrow \underset{\text{काला}}{PbS} + 2CH_3COOH$<br>$Na_2S + Na_2[Fe(CN)_5NO] \longrightarrow Na_4[Fe(CN)_5 NOS]$<br>सोडियम नाइट्रोप्रुसाइड (परपल) |
| रंगहीन गैस जो ज्वलित सल्फर की | $SO_3^{2-}$ (सल्फाइट) | गैस, अम्लीय $K_2Cr_2O_7$ विलयन को हरा, कर देती है [ $CO_3^{2-}$ से भिन्न,] चूँकि गैस चूने के |

| | | |
|---|---|---|
| तीक्ष्ण गंध देती है। | | पानी को भी दूधिया कर देती है। $Na_2SO_3 + H_2SO_4 \xrightarrow{\Delta} Na_2SO_4 + H_2O + SO_2$ $Cr_2O_7^{2-} + 3SO_2 + 2H^+ \longrightarrow \underset{\text{हरा}}{2Cr^{3+}} + 3SO_4^{2} + H_2O$ $Ca(OH)_2 + SO_2 \longrightarrow \underset{\text{दूधिया}}{CaSO_3}$ |
| विलयन सिरके की गंध देता है | $CH_3COO^-$ (एसीटेट) | जलीय विलयन + उदासीन $FeCl_3 \rightarrow$ रक्त लाल रंग $3CH_3COONa + \underset{\text{उदासीन}}{FeCl_3} \longrightarrow \underset{\text{लाल}}{Fe(CH_3COO)_3} + 3NaCl$ |
| श्वेत या पीला-श्वेत गर्म करने पर धुंधला (गन्दा) | $S_2O_3^{2-}$ (थायोसल्फेट) | जलीय विलयन + $AgNO_3 \rightarrow$ श्वेत अवक्षेप, हल्का गर्म करने पर काले रंग में परिवर्तन, $Na_2S_2O_3 + 2AgNO_3 \longrightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{Ag_2S_2O_3} + 2NaNO_3$ $Ag_2S_2O_3 + H_2O \longrightarrow \underset{\text{काला अवक्षेप}}{Ag_2S} + H_2SO_4$ |

**सारणी : 21.8 सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ निरीक्षण**

| निरीक्षण | अम्लीय मूलक | पुष्टिकरण परीक्षण |
|---|---|---|
| रंगहीन, तीक्ष्णगंध वाली गैस जो जलीय $NH_4OH$ के साथ श्वेत धुआँ देती है। | $Cl^-$ (क्लोराइड) | इसी परखनली में $MnO_2$ मिलाते हैं और गर्म करते हैं हल्की हरी $Cl_2$ गैस (i) S.E.+ $HNO_3 + AgNO_3$ विलयन –श्वेत अवक्षेप, जलीय $NH_3$ में घुलनशील (ii) क्रोमिल क्लोराइड (iii) |
| लाल-भूरा धुआँ | $Br^-$ (ब्रोमाइड) | $Mn_2O$ मिलाया तथा गर्म किया - पीली भूरी $Br_2$ गैस (iv) S.E.+ $HNO_3 + AgNO_3$ विलयन – हल्का पीला अवक्षेप, जलीय $NH_3$ में आंशिक घुलनशील (v) परत परीक्षण (vi) |
| बैगनी रंग की तीक्ष्ण वाष्प जो स्टार्च पेपर को नीला करती है | $I^-$ (आयोडाइड) | S.E.+ $HNO_3 + AgNO_3 \rightarrow$ पीला अवक्षेप, जलीय $NH_3$ में अघुलनशील (vii) परत परीक्षण (vi) |
| भूरी तीक्ष्ण गंध वाली वाष्पें जो *Cu* – छीलन मिलाने पर गहरी हो जाती है | $NO_3^-$ (नाइट्रेट) | वलय परीक्षण (viii) |
| रंगहीन गैस जो चूने के पानी को दूधिया करती हैं तथा नीली ज्वाला के साथ जलती हैं। | $C_2O_4^{2-}$ (ऑक्जेलेट) | अम्लीय $KMnO_4$ विलयन रंगहीन हो जाता है। (ix) $S.E. + CH_3COOH + CaCl_2$ (श्वेत अवक्षेप) अम्लीय $KMnO_4$ विलयन को रंगहीन करता है। (x) |

**अभिक्रियाएँ**

**क्लोराइड :**

(i) $KCl + (\text{सान्द्र})\, H_2SO_4 \longrightarrow KHSO_4 + HCl$

$HCl + NH_3 \longrightarrow \underset{\text{(सफेद धूम्र)}}{NH_4Cl}$

$4HCl + MnO_2 \xrightarrow{\Delta} MnCl_2 + Cl_2 + 2H_2O$

(ii) $KCl + AgNO_3 \longrightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप.}}{AgCl \downarrow} + KNO_3$

$AgCl + aq.\, 2NH_3 \longrightarrow \underset{\text{घुलनशील}}{[Ag(NH_3)_2]Cl}$

(iii) ***क्रोमिल क्लोराइड परीक्षण :***

क्लोराइड + $K_2Cr_2O_7$(ठोस) + सान्द्र $H_2SO_4 \xrightarrow{\text{गर्म}}$ क्रोमिल क्लोराइड की लाल-भूरी वाष्प ($CrO_2Cl_2$). इन वाष्पों को $NaOH$, में प्रवाहित करने पर $Na_2CrO_4$ का पीला विलयन प्राप्त होता है। इसमें $CH_3COOH$ तथा $(CH_3COO)_2$ *Pb* मिलाने पर, लैड क्रोमेट ($PbCrO_4$) का पीला अवक्षेप प्राप्त होता है।

$KCl + (\text{सान्द्र})\; H_2SO_4 \xrightarrow{\Delta} KHSO_4 + HCl$ ;

$K_2Cr_2O_7 + \underset{\text{सान्द्र}}{2H_2SO_4} \xrightarrow{\Delta} 2KHSO_4 + 2CrO_3 + H_2O$

$CrO_3 + 2HCl \longrightarrow CrO_2Cl_2 + 2H_2O$

$CrO_2Cl_2 + 4NaOH \longrightarrow Na_2CrO_4 + 2NaCl + 2H_2O$

$Na_2CrO_4 + (CH_3COO)_2Pb \longrightarrow \underset{\text{पीला अवक्षेप}}{PbCrO_4 \downarrow} + 2CH_3COONa$

**ब्रोमाइड :** (iv) $KBr + (\text{सान्द्र})\; H_2SO_4 \xrightarrow{\Delta} KHSO_4 + H$ ;

$4HBr + MnO_2 \xrightarrow{\Delta} Br_2 + 2H_2O + MnBr_2$

(v) $NaBr + AgNO_3 \longrightarrow \underset{\text{हल्का पीला अवक्षेप.}}{AgBr \downarrow} + NaNO_3$

$AgBr + \text{aq. } 2NH_3 \longrightarrow \underset{\text{आंशिक घुलनशील}}{[Ag(NH_3)_2]Br}$

(vi) ***परत परीक्षण*** *(Layer test):* $S.E. + Cl_2$ जल $+ CHCl_3 \xrightarrow{\text{हिलाना}} CHCl_3$ परत में पीली नारंगी पर्त ($CHCl_3$ के स्थान पर $CS_2$ या $CCl_4$ में लिया जा सकता है)

$2NaBr + Cl_2 \longrightarrow 2NaCl + \underset{\substack{\text{नारंगी पीला} \\ (CHCl_3 \text{ में विलेय})}}{Br_2}$

$I^-$ (आयोडाइड) की स्थिति में, $CHCl_3$ की पर्त में $I_2$ का बैंगनी रंग, $2NaI + Cl_2 \longrightarrow 2NaCl + I_2$ (बैंगनी)

**आयोडाइड :** (vii) $KI + (\text{सान्द्र})\, H_2SO_4 \xrightarrow{\Delta} KHSO_4 + HI$;

$2HI + H_2SO_4 \longrightarrow I_2 + 2H_2O + SO_2$

**नाइट्रेट :** $NaNO_3 + H_2SO_4 \longrightarrow NaHSO_4 + HNO_3$

$4HNO_3 \longrightarrow \underset{\text{भूरी वाष्प}}{4NO_2} + O_2 2H_2O$ ;

$Cu + 4HNO_3 \longrightarrow Cu(NO_3)_2 + 2NO_2 + 2H_2O$

(viii) ***वलय परीक्षण** (Ring test):* जल निष्कर्ष (सभी $NO_3^-$ पानी में घुलनशील हैं) को ताजे बने $FeSO_4$ विलयन में मिलाते हैं तथा सान्द्र $H_2SO_4$ को सावधानीपूर्वक परखनली में उसकी दीवार के सहारे डालते हैं। तो $[Fe(H_2O)_5NO]^{2+}SO_4^{2-}$ की गाढ़े भूरे रंग की वलय, दो द्रवों के मध्य में प्राप्त होती है।

$2NaNO_3 + H_2SO_4 \longrightarrow 2NaHSO_4 + 2HNO_3$;

$2HNO_3 + 6Fe\,SO_4 + 3H_2SO_4 \longrightarrow$

$3Fe_2(SO_4)_3 + 2NO + 4H_2O$

$[Fe(H_2O)_6]SO_4 + NO \longrightarrow [Fe(H_2O)_5NO]^{2+}SO_4^{2-} + H_2O$

**ऑक्जेलेट:** $Na_2C_2O_4 + H_2SO_4 \longrightarrow Na_2SO_4 + H_2O + CO + CO_2$

$CO$ नीली ज्वाला के साथ जलती है तथा $CO_2$ चूने के पानी को दूधिया करती है।

(ix) $5C_2O_4^{2-} + \underset{\text{बैंगनी}}{2MnO_4^-} + 16H^+ \longrightarrow 10\,CO_2 + \underset{\text{रंगहीन}}{2Mn^{2+}} + 8H_2O$

(x) $CaCl_2 + NaC_2O_4 \longrightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{CaC_2O_4 \downarrow} + 2NaCl$ $CaC_2O_2$ अम्लीय $KMnO_4$ को रंगहीन करता है।

**विलयन में विशिष्ट परीक्षण**

(i) ***सल्फेट*** : सोडियम कार्बोनेट निष्कर्ष (S.E.) ($CO_3^{2-}$ को तब तक अपघटित करता है जब तक कि अभिक्रिया रूक ना जाये) + तनु $BaCl_2$ विलयन → श्वेत अवक्षेप जो सान्द्र $HNO_3$ में अघुलनशील है।

$BaCl_2 + NaSO_4 \longrightarrow \underset{\text{श्वेत अवक्षेप}}{BaSO_4 \downarrow} + 2NaCl$

(ii) ***बोरेट*** : बोरेट, सान्द्र $H_2SO_4$ तथा एथेनॉल मिश्रण को चीनी मिट्टी की प्याली में गर्म करने पर हरी ज्वाला के साथ एथिल बोरेट प्राप्त होता है।

$2Na_3BO_3 + \underset{\text{सान्द्र}}{3H_2SO_4} \rightarrow 2H_3BO_3 + 3Na_2SO_4$;

$H_3BO_3 + \underset{\text{एथेनॉल}}{3C_2H_5OH} \xrightarrow{\Delta} \underset{\substack{\text{हरी ज्वाला के साथ जलता है}\\\text{(वाष्पशील)}}}{(C_2H_5O)_3B} + 3H_2O$

$Cu^{2+}$ आयन की उपस्थिति में, यह परीक्षण परखनली में किया जाता है क्योंकि $Cu^{2+}$ लवण वाष्पशील नहीं हैं।

(iii) $S.E. + HNO_3$ + अमोनियम मोलिब्डेट विलयन : गर्म करने पर पीला क्रिस्टलीय अवक्षेप

$Na_3PO_4 + 12(NH_4)_2MoO_4 + 24HNO_3 \xrightarrow{\Delta}$

$\underset{\text{पीला अवक्षेप}}{(NH_4)_3PO_4 . 12MoO_3} + 21NH_4NO_3 + 3NaNO_3 + 12H_2O$

आर्सेनिक भी यह परीक्षण देता है। अतः समूह-II के पश्चात फॉस्फेट की उपस्थिति भी चेक करना चाहिये।

(iv) ***फ्लोराइड*** : रेत + लवण ($F^-$) + सान्द्र $H_2SO_4$; गर्म करके, परखनली के मुख पर पानी से भीगी छड़ वाष्प के सम्पर्क में लाते हैं तो छड़ पर श्वेत जमाव फ्लोराइड की उपस्थिति को दर्शाता है।

$NaF + H_2SO_4 \xrightarrow{\Delta} NaHSO_4 + HF$

$SiO_2 + 4HF \xrightarrow{\Delta} SiF_4 + 2H_2O$

$3SiF_4 4H_2O \longrightarrow 2H_2SiF_6 + \underset{\text{श्वेत}}{H_4SiO_4}$

(3) **क्षारीय मूलकों का नम परीक्षण** : क्षारीय मूलकों का विश्लेषण

**सारणी : 21.9**

| समूह | क्षारीय मूलक | समूह अभिकर्मक | अवक्षेप | स्पष्टीकरण |
|---|---|---|---|---|
| I | $Ag^+, Hg_2^{2+}$(I)$, Pb^{2+}$ | तनु $HCl$ | क्लोराइड ($AgCl, Hg_2Cl_2, PbCl_2$) | क्लोराइड का $K_{SP}$ (विलेयता गुणनफल) मान कम होता है अतः वह अवक्षेपित हो जाता है। अन्य का $K_{SP}$ मान अधिक होता है अतः अवक्षेपित नहीं होते हैं। |
| II | $Cu^{2+}, Cd^{2+}, Pb^{2+}$, $Hg^{2+}$ (II), $Bi^{3+}, As^{3+}$, $Sb^{3+}, Sn^{2+}$ | तनु $HCl$ की उपस्थिति में $H_2S$ गैस | सल्फाइड ($CuS, As_2S_3$ आदि) | सल्फाइड का $K_{SP}$ मान कम होता है अतः कम $[S^{2-}]$ आयन द्वारा अवक्षेपित हो जाते हैं। $HCl$ (समआयन $H^+$ के साथ) $H_2S$ का आयनन कम करता है जो कम $[S^{2-}]$ देता है अतः II समूह अवक्षेपित होता है। अन्य जिनका $K_{SP}$ मान अधिक होता है अवक्षेपित नहीं होते हैं। |
| III | $Al^{3+}, Cr^{3+}, Fe^{3+}$ | $NH_4Cl$ की उपस्थिति में $NH_4OH$ | हाइड्रॉक्साइड $Al(OH)_3$ आदि | $Al(OH)_3$ का $K_{SP}$ मान कम हो जाता है। $NH_4Cl$ ($NH_4^+$ समआयन के साथ) $NH_4OH$ का आयनन कम करता है जो कम $[OH^-]$ देता है अतः समूह (III) अवक्षेपित होते हैं। |
| IV | $Zn^{2+}, Ni^{2+}, Mn^{2+}, Co^{2+}$ | अमोनियामय माध्यम में $H_2S$ | सल्फाइड ($ZnS$ आदि) | IV समूह के सल्फाइड का $K_{SP}$ मान उच्च होता है। अतः उच्च $[S^{2-}]$ में अवक्षेपित हो जाते हैं। क्षारीय माध्यम $H_2S$ का आयनन बढ़ाते हैं अतः $[S^{2-}]$ बढ़ता है। अतः (IV) समूह अवक्षेपित हो जाते हैं। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| V | $Ca^{2+}, Ba^{2+}, Sr^{2+}$ | $(NH_4)_2CO_3 + NH_4Cl$ | कार्बोनेट ( $CaCO_3$ आदि) | कार्बोनेट का $K_{SP}$ मान समूह VI ($Mg^{2+}$) में कम होता है अतः वह $Mg^{2+}$ से पहले अवक्षेपित हो जाते हैं। |
| VI | $Mg^{2+}$, ($Na^+, K^+$ भी शामिल हैं) | $NH_4OH + Na_2HPO_4$ (केवल $Mg^{2+}$ के लिए) | श्वेत अवक्षेप ($MgHPO_4$) | – |
| 0 (शून्य) | $NH_4^+$ | – | – | वास्तविक विलयन से स्वतंत्र परीक्षण |

**क्षारीय मूलक परीक्षण में आने वाली रासायनिक अभिक्रियाएँ**

**समूह I :** जब वास्तविक विलयन में तनु *HCl* मिलाया जाता है तो अघुलनशील लैड क्लोराइड, सिल्वर क्लोराइड, मरकरी क्लोराइड आदि अवक्षेपित होते हैं।

$$Pb(NH_3)_2 + 2HCl \longrightarrow PbCl_2 + 2HNO_3;$$

$$AgNO_3 + HCl \longrightarrow AgCl + HNO_3$$

$$Hg(NO_3)_2 + 2HCl \longrightarrow HgCl_2 + 2HNO_3$$

***Pb* (लैड)**

(i) $PbCl_2$ गर्म जल में घुलनशील है और ठण्डा करने पर पुनः श्वेत क्रिस्टल बनाता है।

(ii) $PbCl_2$ का विलयन, पोटेशियम क्रोमेट विलयन के साथ पीला अवक्षेप देता है जो कि एसीटिक अम्ल में अघुलनशील है परन्तु सोडियम हाइड्रॉक्साइड विलयन में घुलनशील होता है

$$PbCl_2 + K_2CrO_4 \longrightarrow \underset{\text{पीला अवक्षेप}}{PbCrO_4} + 2KCl;$$

$$PbCrO_4 + 4NaOH \longrightarrow Na_2PbO_2 + Na_2CrO_4 + 2H_2O$$

(iii) $PbCl_2$ का विलयन, पोटेशियम आयोडाइड के साथ पीला अवक्षेप देता है

$$PbCl_2 + 2KI \longrightarrow \underset{\text{पीला अवक्षेप}}{PbI_2} + 2KCl$$

(iv) यह तनु $H_2SO_4$ के साथ लैड सल्फेट का श्वेत अवक्षेप देता है, अवक्षेप अमोनियम एसीटेट में विलेय होते हैं।

$$PbCl_2 + H_2SO_4 \longrightarrow PbSO_4 + 2HCl;$$

$$PbSO_4 + 2CH_3COONH_4 \longrightarrow Pb(CH_3COO)_2 + (NH_4)_2SO_4$$

***Ag*(सिल्वर)**

(i) *AgCl* अमोनियम हाइड्रॉक्साइड में घुलनशील है,

$$AgCl + 2NH_4OH \longrightarrow \underset{\text{डाईएमीन सिल्वर (I) क्लोराइड}}{Ag(NH_3)_2Cl} + 2H_2O$$

(ii) उपरोक्त विलयन में तनु $HNO_3$ मिलाने पर, पुनः श्वेत अवक्षेप प्राप्त होता है

$$Ag(NH_3)_2Cl + 2HNO_3 \longrightarrow \underset{\text{श्वेत अवक्षेप}}{AgCl} + 2NH_4NO_3$$

(iii) उपरोक्त संकुल विलयन में *KI* मिलाने पर, पीला अवक्षेप प्राप्त होता है

$$Ag(NH_3)_2Cl + KI \longrightarrow AgI + KCl + 2NH_3$$

**$Hg_2^{2+}$ (मरक्यूरस)**

(i) $Hg_2Cl_2$, $NH_4OH$ के साथ काले रंग में बदल जाता है।

$$Hg_2Cl_2 + 2NH_4OH \longrightarrow \underbrace{Hg + Hg(NH_2)Cl}_{\text{काला}} + NH_4Cl + 2H_2O$$

(ii) काला अवक्षेप, अम्लराज में घुल जाता है और मरक्यूरिक क्लोराइड प्राप्त होता है।

$$3HCl + HNO_3 \longrightarrow NOCl + 2H_2O + 2Cl$$

$$2Hg(NH_2)Cl + 6Cl \longrightarrow 2HgCl_2 + 4HCl + N_2$$

$$Hg + 2Cl \longrightarrow HgCl_2$$

(iii) $HgCl_2$ का विलयन, स्टेनस क्लोराइड के साथ श्वेत अवक्षेप देता है।

$$2HgCl_2 + SnCl_2 \longrightarrow \underset{\text{श्वेत अवक्षेप}}{Hg_2Cl_2} + SnCl_4$$

$$Hg_2Cl_2 + SnCl_2 \longrightarrow \underset{\text{ग्रे अवक्षेप}}{2Hg} + SnCl_4$$

(iv) $HgCl_2$ का विलयन, कॉपर छीलन के साथ भूरा अवक्षेप देता है।

$$HgCl_2 + Cu \longrightarrow \underset{\text{ग्रे अवक्षेप}}{Hg} + CuCl_2$$

**समूह II :** जब हाइड्रोजन सल्फाइड को अम्लीय माध्यम से प्रवाहित किया जाता है तो द्वितीय समूह के सल्फाइड अवक्षेपित होते हैं। अवक्षेप को पीले अमोनियम सल्फाइड के साथ अभिकृत करने पर II *B* के सल्फाइड पहले उच्च सल्फाइड में ऑक्सीकृत होते हैं। जो फिर घुलकर थायो-यौगिक बनाते हैं

$$Ag_2S_3 + 2(NH_4)_2S_2 \longrightarrow 2(NH_4)_2S + As_2S_5$$

$$Sb_2S_3 + 2(NH_4)_2S_2 \longrightarrow 2(NH_4)_2S + Sb_2S_5$$

$$SnS + (NH_4)_2S_2 \longrightarrow (NH_4)_2S + SnS_2$$

$$As_2S_5 + 3(NH_4)S \longrightarrow \underset{\text{अमोनियम थायो आर्सीनेट}}{2(NH_4)_3AsS_4}$$

$$Sb_2S_5 + 3(NH_4)_2S \longrightarrow \underset{\text{अमोनियम थायो एन्टीमोनेट}}{2(NH_4)_2SbS_4}$$

$$SnS_2 + (NH_4)_2S \longrightarrow \underset{\text{अमोनियम थायो स्टेनेट}}{(NH_4)_2SnS_3}$$

उपरोक्त तीनों घुलनशील हैं

यदि, अवक्षेप पीले अमोनियम सल्फाइड में विलेय नहीं होता है तो यह *HgS* या *PbS* या $Bi_2S_3$ या *CuS* या *CdS* हो सकता है। अवक्षेप को तनु $HNO_3$ के साथ गर्म करते हैं। *HgS* के अलावा सभी *IIA* सल्फाइड घुलनशील होते हैं।

$$3PbS + 8HNO_3 \rightarrow 3Pb(NO_3)_2 + 2NO + 3S + 4H_2O$$

$$Bi_2S_3 + 8HNO_3 \rightarrow 2Bi(NO_3)_3 + 2NO + 3S + 4H_2O$$

$$3CuS + 8HNO_3 \rightarrow 3Cu(NO_3)_2 + 2NO + 3S + 4H_2O$$

$$3CdS + 8HNO_3 \rightarrow 3Cd(NO_3)_2 + 2NO + 3S + 4H_2O$$

**Hg (मरकरी, पारा)**

$HgS$ अम्लराज में घुलनशील होता है,

$$3HgS + 2HNO_3 + 6HCl \rightarrow 3HgCl_2 + 3S + 2NO + 4H_2O$$

विलयन को दो भागों में विभक्त किया जाता है,

*भाग I* : स्टेनस क्लोराइड विलयन $HgCl_2$ को पहले श्वेत $Hg_2Cl_2$ में अपचयित करता है। तत्पश्चात ग्रे धात्विक पारें में

*भाग II* : *Cu*, पारे को $HgCl_2$ से विस्थापित कर देता है जो कि कॉपर की छीलन पर चमक की तरह जमता जाता है।

**Pb (लैड)**

जब सल्फाइड तनु $HNO_3$, में घुलनशील होता है तो विलयन के एक छोटे से भाग को लेकर उसमें तनु $H_2SO_4$ मिलाते हैं। यदि लैड उपस्थित होगा तो लैड सल्फेट का श्वेत अवक्षेप प्राप्त होगा,

$$Pb(NO_3)_2 + H_2SO_4 \rightarrow \underset{\text{श्वेत अवक्षेप}}{PbSO_4} + 2HNO_3$$

लैड की अनुपस्थिति में शेष विलयन को क्षारीय करने के लिए $NH_4OH$ अधिकता में मिलाते हैं। बिस्मथ, $Bi(OH)_3$ का श्वेत अवक्षेप देता है। कॉपर, गहरे नीले रंग का विलयन बनाता है, जबकि कैडमियम, रंगहीन विलेय संकुल बनाता है,

$$Bi(NO_3)_3 + 3NH_4OH \longrightarrow Bi(OH)_3 + 3NH_4NO_3$$

सफेद अवक्षेप

$$Cu(NO_3)_2 + 4NH_4OH \longrightarrow [Cu(NH_3)_4](NO_3)_2 + 4H_2O;$$

टेट्राएमीन क्यूप्रिक नाइट्रेट

(गहरा नीला विलयन)

$$Cd(NO_3)_2 + 4NH_4OH \longrightarrow [Cd(NH_3)_4](NO_3)_2 + 4H_2O$$

टेट्राएमीन कैडमियम नाइट्रेट

(रंगहीन विलयन)

**Bi (बिस्मथ)** : अवक्षेप तनु *HCl* में घुलनशील होता है, $Bi(OH)_3 + 3HCl \longrightarrow BiCl_3 + 3H_2O$

*भाग I* : $BiCl_3$ विलयन में जल को अधिकता में मिलाने पर जल अपघटन के कारण विलयन श्वेत अवक्षेप देता है।

$$BiCl_3 + H_2O \longrightarrow BiOCl + 2HCl$$

बिस्मिथ ऑक्सीक्लोराइड

(सफेद अवक्षेप)

*भाग II* : $BiCl_3$ का विलयन सोडियम स्टेनाइट के साथ अभिकृत करने पर धात्विक बिस्मथ का काला अवक्षेप देता है।

$$2BiCl_3 + \underset{\text{सोडियम स्टेनाइट}}{3Na_2SnO_2} + 6NaOH \longrightarrow \underset{\text{सोडियम स्टेनेट}}{3Na_2SnO_3} + 2Bi + 6NaCl + 3H_2O$$

**Cu (कॉपर)** : नीले रंग के विलयन को एसीटिक अम्ल के साथ अम्लीकृत करते हैं। जब इसमें पोटेशियम फैरोसाइनाइड मिलाया जाता है तो चॉकलेट रंग का अवक्षेप प्राप्त होता है,

$$Cu(NH_3)_4(NO_3)_2 + 4CH_3COOH \longrightarrow Cu(NO_3)_2 + 4CH_4COONH_4$$

$$2Cu(NO_3)_2 + K_4[Fe(CN)_6] \longrightarrow Cu_2[Fe(CN)_6 + 4KNO_3$$

चॉकलेट अवक्षेप

**Cd (कैडमियम)** : रंगहीन विलयन में $H_2S$ गैस प्रवाहित करते हैं। पीले रंग का अवक्षेप प्राप्त होना *Cd* की पुष्टि करता है,

$$Cd(NH_3)_4(NO_3)_2 + H_2S \longrightarrow \underset{\text{पीला अवक्षेप}}{CdS} + 2NH_4NO_3 + NH_3$$

**समूह IIB** : यदि अवक्षेप पीले अमोनियम सल्फाइड में घुलनशील होता है तो आर्सेनिक, एन्टीमनी तथा टिन मूलक की पुष्टि होती है। सल्फाइड को सान्द्र हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अभिकृत करते हैं तो एन्टीमनी तथा टिन सल्फाइड घुल जाते हैं जबकि आर्सेनिक सल्फाइड अघुलनशील रहते हैं।

**As (आर्सेनिक)** : अघुलनशील सल्फाइड को सान्द्र नाइट्रिक अम्ल के साथ अभिकृत करते हैं तत्पश्चात् इसे अमोनियम मोलिब्डेट के साथ गर्म करने पर अमोनियम आर्सिनोमोलिब्डेट का पीला अवक्षेप प्राप्त होता है।

$$As_2S_5 + 10HNO_3 \longrightarrow \underset{\text{आर्सेनिक अम्ल}}{2H_3AsO_4} + 10NO_2 + 2H_2O + 5S$$

$$H_3AsO_4 + 12(NH_4)_2MoO_4 + 21HNO_3 \longrightarrow \underset{\text{पीला अवक्षेप}}{(NH_4)_3AsO_4 . 12MoO_3} + 21NH_4NO_3 + 12H_2O$$

**Sn या Sn (टिन)** : सान्द्र *HCl* में सल्फाइड विलयन को आयरन छीलन या दानेदार जिंक के साथ अपचयित करते हैं।

$$SnS_2 + 4HCl \longrightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{SnCl_4 2H_2S}$$

$$SnCl_4 + Fe \longrightarrow \underset{\text{ग्रे}}{SnCl_2} + FeCl_4$$

उपरोक्त विलयन में $HgCl_2$ विलयन मिलाने पर वह पहले श्वेत अवक्षेप देता है जो तत्पश्चात् भूरा हो जाता है।

$$2HgCl_2 + SnCl_2 \longrightarrow HgCl_2 + SnCl_4$$

सफेद अवक्षेप

$$Hg_2Cl_2 + SnCl_2 \longrightarrow 2Hg + SnCl_4$$

ग्रे

**Sb (एण्टीमनी)** : सान्द्र *HCl* में सल्फाइड के छनित्र को दो भागों में विभक्त करते हैं,

*भाग I*: जल की अधिक मात्रा मिलाने पर एण्टीमनी ऑक्सीक्लोराइड का श्वेत अवक्षेप प्राप्त होता है।

$$SbCl_3 + H_2O \longrightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{SbOCl} + 2HCl$$

*भाग II* : $H_2S$ को गुजारने पर नारंगी रंग प्राप्त होता है,

$$2SbCl_3 + 3H_2S \longrightarrow \underset{\text{नारंगी अवक्षेप}}{Sb_2S_3} + 6HCl$$

**समूह III** : अमोनियम क्लोराइड की उपस्थिति में, $NH_4OH$ को आधिक्य में मिलाने पर हाइड्रॉक्साइड का अवक्षेप प्राप्त होता है।

$$AlCl_3 + 3NH_4OH \longrightarrow \underset{\text{जिलेटिन अवक्षेप}}{Al(OH)_3} + 3NH_4Cl$$

$$CrCl_3 + 3NH_4OH \longrightarrow \underset{\text{हरा अवक्षेप}}{Cr(OH)_3} + 3NH_4Cl$$

$$FeCl_3 + 3NH_4OH \longrightarrow \underset{\text{भूरा लाल अवक्षेप}}{Fe(OH)_3} + 3NH_4Cl$$

**Fe (आयरन)** : भूरा लाल अवक्षेप तनु *HCl* में घुलनशील होता है, विलयन को दो भागों में विभक्त करते हैं,

*भाग I* : $K_4[Fe(CN)_6]$ विलयन मिलाने पर गहरे नीले रंग का विलयन या अवक्षेप प्राप्त होता है।

$$Fe(OH)_3 + 3HCl \longrightarrow FeCl_3 + 3H_2O$$

$$4FeCl_3 + 3K_4[Fe(CN)_6] \longrightarrow \underset{\text{प्रूशियन ब्लू}}{Fe_4[Fe(CN)_6]_3} + 12KCl$$

*भाग II* : पोटेशियम थायो साइनेट का विलयन मिलाने पर रक्त लाल रंग प्राप्त होता है।

$$FeCl_3 + 3KCNS \longrightarrow \underset{\text{रक्त लाल रंग}}{Fe(CNS)_3} + 3KCl$$

**Cr (क्रोमियम) :** हरे अवक्षेप को गलित मिश्रण $(Na_2CO_3 + KNO_3)$. में संगलित करने पर गलित उत्पाद को जल के साथ निष्कर्षित करते हैं या अवक्षेप को $NaOH$ तथा $Br_2$ जल के साथ गर्म करते हैं,

$$2Cr(OH)_3 + 3KNO + 2Na_2CO_3 \longrightarrow 2Na_2CrO_4 + 3KNO_2 + 2CO_2 + 3H_2O$$

या $2NaOH + Br_2 \longrightarrow NaBrO_4 + NaBr + H_2O$

$$NaBrO \longrightarrow NaBr + [O]$$

$$2Cr(OH)_3 + 4NaOH + 3[O] \longrightarrow 2NaCrO_4 + 5H_2O$$

इस प्रकार प्राप्त विलयन में सोडियम क्रोमेट होता है, विलयन को एसीटिक अम्ल के साथ अम्लीकृत करके लैड एसीटेट विलयन के साथ मिलाते हैं तो पीला अवक्षेप प्राप्त होता है।

$$Na_2CrO_4 + Pb(CH_3COO)_2 \longrightarrow \underset{\text{पीला अवक्षेप}}{PbCrO_4} + 2CH_3COONa$$

**Al (एल्यूमीनियम) :** जिलेटिन युक्त अवक्षेप को $NaOH$ में मिलाया जाता है, $Al(OH)_3 + NaOH \longrightarrow \underset{\text{विलेय}}{NaAlO_2} + 2H_2O$

उपरोक्त विलयन को अमोनियम क्लोराइड के साथ उबालते हैं, तो पुनः $Al(OH)_3$ प्राप्त होता है।

$$NaAlO_2 + NH_4Cl + H_2O \longrightarrow Al(OH)_3 + NaCl + NH_3$$

**समूह IV :** तृतीय समूह के छनित विलयन में $H_2S$ गैस प्रवेश कराते हैं तो चतुर्थ समूह के काले अवक्षेप *NiS* तथा *CoS* प्राप्त होते हैं यह सान्द्र *HCl* में अघुलनशील होते हैं। जबकि *MnS* (बफ रंग), *ZnS* (रंगहीन) सान्द्र *HCl* में घुलनशील होते हैं।

**Zn (जिंक) :** सल्फाइड को *HCl* में विलेय करते हैं, $ZnS + 2HCl \longrightarrow ZnCl_2 + H_2S$

जब विलयन को $NaOH$, के साथ गर्म करते हैं तो पहले श्वेत अवक्षेप प्राप्त होता है जो $NaOH$ की अधिकता में घुल जाता है।

$$ZnCl_2 + 2NaOH \longrightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{Zn(OH)_2} + 2NaCl$$

$$Zn(OH)_2 + 2NaOH \longrightarrow \underset{\text{(विलेय)}}{Na_2ZnO_2} + 2H_2O$$

$H_2S$ गुजारने पर, *ZnS* का श्वेत अवक्षेप प्राप्त होता है,

$$Na_2ZnO_2 + H_2S \longrightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{ZnS} + 2NaOH$$

**Mn (मैंग्नीज) :** मैंग्नीज सल्फाइड *HCl* में घुल जाता है। $MnS + 2HCl \longrightarrow MnCl_2 + H_2S$

विलयन को $NaOH$ तथा $Br_2$ जल के साथ गर्म करने पर घुलनशील मैंग्नीज अवक्षेपित हो जाता है,

$$MnCl_2 + 2NaOH \longrightarrow Mn(OH)_2 + 2NaCl$$

$$Mn(OH)_2 + O \longrightarrow MnO_2H_2O$$

अवक्षेप को नाइट्रिक अम्ल के आधिक्य तथा $PbO_2$ या $Pb_3O_4$ (रेड लैड) के साथ अभिकृत करते हैं और मिश्रण को गर्म करते हैं तो गुलाबी रंग का परमैंगनिक अम्ल प्राप्त होता है।

$$2MnO_2 + 4HNO_3 \longrightarrow 2Mn(NO_3)_2 + 2H_2O + O_2$$

$$2Mn(NO_3)_2 + 5Pb_3O_4 + 26HNO_3 \longrightarrow \underset{\text{परमैंगनिक अम्ल (गुलाबी)}}{2HMnO_4} + 15Pb(NO_3)_2 + 12H_2O$$

*HCl* की उपस्थिति में यह परीक्षण असफल होता है।

**Ni (निकिल) तथा Co (कोबाल्ट)**

काले अवक्षेप को अम्लराज में विलेय करते हैं।

$$3NiS + 6HCl + 2HNO_3 \longrightarrow 2NiCl_2 + 2NO + 3S + 2H_2O$$

$$3CoS + 6HCl + 2HNO_3 \longrightarrow 3CoCl_2 + 2NO + 3S + 4H_2O$$

विलयन को शुष्कता तक वाष्पित करते हैं तथा अवशेष को तनु *HCl* के साथ निष्कर्षित करते हैं। इन्हें तीन भागों में विभक्त किया गया है,

***भाग I :*** $NH_4OH$ (अधिकता) तथा डाईमेथिल ग्लायऑक्सिम मिलाने पर लाल गुलाब जैसा अवक्षेप प्राप्त होता है यदि *Ni* उपस्थित होता है,



***भाग II :*** $CH_3COOH$ की अधिकता तथा $KNO_2$ मिलाते हैं पीला अवक्षेप का प्राप्त होना कोबाल्ट की पुष्टि करता है।

$$KNO_2 + CH_3COOH \longrightarrow CH_3COOK + HNO_2$$

$$CoCl_2 + 2KNO_2 \longrightarrow Co(NO_2)_2 + 2KCl$$

$$Co(NO_2)_2 + 2HNO_2 \longrightarrow Co(NO_2)_3 + NO + H_2O$$

$$Co(NO_2)_3 + 3KNO_2 \longrightarrow K_3[Co(NO_2)_6]$$

***भाग III :*** यदि विलयन में निकिल या कोबाल्ट होता है तो इसे $NaHCO_3$ तथा ब्रोमीन जल के साथ अभिकृत करते हैं, तो सेब जैसा हरा रंग प्राप्त होता है। विलयन को गर्म करने पर काला अवक्षेप प्राप्त होता है जो *Ni* की उपस्थिति दर्शाता है।

$$CoCl_2 + 2NaHCO_3 \longrightarrow Co(HCO_3)_2 + 2NaCl$$

$$Co(HCO_3)_2 + 4NaHCO_3 \longrightarrow Na_4Co(CO_3)_3 + 3H_2O + 3CO_2$$

$$Br_2 + H_2O \longrightarrow 2HBr + O$$

$$2Na_4Co(CO_3)_3 + H_2O + O \longrightarrow \underset{\substack{\text{सोडियम कोबाल्टी कार्बोनेट} \\ \text{(हरा रंग)}}}{2Na_3Co(CO_3)_3} + 2NaOH$$

$$NiCl_2 + 2NaHCO_3 \longrightarrow NiCO_3 + 2NaCl + H_2O + CO_2$$

$$2NiCO_3 + [O] \longrightarrow \underset{\text{काला}}{Ni_2O_3} + 2CO_2$$

**समूह V :** V-समूह के मूलक अमोनियम कार्बोनेट द्वारा कार्बोनेट के रूप में अवक्षेपित होते हैं, जो एसीटिक अम्ल में घुलनशील होते हैं।

$$BaCO_3 + 2CH_3COOH \longrightarrow (CH_3COO)_2Ba + CO_2 + H_2O$$

$$SrCO_3 + 2CH_3COOH \longrightarrow (CH_3COO)_2Sr + CO_2 + H_2O$$

$$CaCO_3 + 2CH_3COOH \longrightarrow (CH_3COO)_2Ca + CO_2 + H_2O$$

***Ba* (बेरियम)** : बेरियम क्रोमेट अघुलनशील है तथा पोटेशियम क्रोमेट विलयन मिलाने पर अवक्षेपित होता है,

$$Ba(CH_3COO)_2 + K_2CrO_4 \longrightarrow BaCrO_4 + 2CH_3COOK$$

***Sr* (स्ट्रॉन्शियम)** : अमोनियम सल्फेट मिलाने पर अवक्षेपित होते हैं तथा स्ट्रॉन्शियम सल्फेट अघुलनशील होते हैं,

$$Sr(CH_3COO)_2 + (NH_4)_2SO_4 \longrightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{SrSO_4} + 2CH_3COONH_4$$

***Ca* (कैल्शियम)** : अमोनियम ऑक्जेलेट मिलाने पर अवक्षेपित हो जाता है तथा कैल्शियम ऑक्जेलेट अघुलनशील होता है।

$$Ca(CH_3COO)_2 + (NH_4)_2C_2O_4 \longrightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{CaC_2O_4} + 2CH_3COONH_4$$

**समूह VI** : V-समूह के छनित में अल्पमात्रा में अमोनियम ऑक्जेलेट मिलाने पर $Ba, Ca$ तथा $Sr$ पूर्णतः विलयन बना लेते हैं। विलयन को सान्द्रित करके $NH_4OH$ के द्वारा क्षारीय कर लेते हैं। इसमें डाईसोडियम हाइड्रोजन फॉस्फेट मिलाने पर श्वेत अवक्षेप प्राप्त होता है।

$$MgCl_2 + Na_2HPO_4 + NH_4OH \longrightarrow \underset{\substack{\text{मैग्नीशियम अमोनियम फॉस्फेट} \\ \text{(सफेद अवक्षेप)}}}{Mg(NH_4)PO_4} + 2NaCl + H_2O$$

**शून्य समूह $NH_4^+$ (अमोनियम)** : पदार्थ (लवण या मिश्रण) को $NaOH$ विलयन के साथ गर्म करने पर अमोनिया गैस मुक्त होती है।

$$NH_4Cl + NaOH \longrightarrow NaCl + NH_3 + H_2O$$

*HCl* से भीगी हुई छड़, परखनली के मुख पर लाई जाती है तो अमोनियम क्लोराइड की श्वेत धूम्र प्राप्त होती है,

$$NH_3 + HCl \longrightarrow \underset{\text{सफेद धूम्र}}{NH_4Cl}$$

अमोनियम लवण के जलीय विलयन में नेसलर अभिकर्मक मिलाने पर भूरे रंग का अवक्षेप प्राप्त होता है

$$2K_2HgI_4 + NH_4Cl + 4KOH \longrightarrow$$




$$+7KI + KCl + 3H_2O$$

मिलन क्षार का आयोडाइड
(भूरा अवक्षेप)

## आयतनात्मक विश्लेषण (Volumetric analysis)

मात्रात्मक विश्लेषण, आयतनात्मक विश्लेषण कहलाता है। इसमें ज्ञात विलयन के आयतन को ज्ञात करके, अज्ञात विलयन के साथ मिलाकर, अज्ञात विलयन का आयतन ज्ञात किया जाता है।

**अनुमापन** (Titration) : वह विधि जिसमें ब्यूरेट से ज्ञात विलयन को ज्ञात आयतनात्मक विलयन में अभिकृत कराकर मापन किया जाता है अनुमापन कहलाता है। अनुमापन दो प्रकार के विलयनों में किया जाता है,

(i) ***अज्ञात विलयन*** *(Unknown solution)* : वह विलयन जिसमें पदार्थ का ऑकलन किया जाता है, अज्ञात विलयन कहलाता है। पदार्थ अनुमाप कहलाता है।

(ii) ***मानक विलयन*** *(Standard solution)*: ज्ञात आयतन के विलयन में, निश्चित अभिकर्मक की ज्ञात मात्रा को मिलाया जाता है तो उसे मानक विलयन कहते हैं। अभिकर्मक दो प्रकार के होते हैं,

(a) *प्राथमिक मानक विलयन (Primary standards)*: निश्चित भार तथा इसके विलयन को उपयोग के पूर्व मानक नहीं किया गया हो। ऑक्जेलिक अम्ल $(H_2C_2O_4.2H_2O)$, पोटेशियम डाइक्रोमेट $(K_2Cr_2O_7)$, सिल्वर नाइट्रेट $(AgNO_3)$, कॉपर सल्फेट $(CuSO_4.5H_2O)$, फैरस अमोनियम सल्फेट $[FeSO_4(NH_4)_2SO_4.6H_2O]$, सोडियम थायो सल्फेट $(Na_2S_2O_3.5H_2O)$, आदि, प्राथमिक मानक के उदाहरण है।

(b) *द्वितीयक मानक विलयन (Secondary standards)* : इस प्रकार के अभिकर्मक विलयन को उपयोग के पूर्व मानक बना लिया जाता है। इसका भार निश्चित नहीं होता है। सोडियम हाइड्रॉक्साइड $(NaOH)$, पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड $(KOH)$, हाइड्रोक्लोरिक अम्ल $(HCl)$, सल्फ्यूरिक अम्ल $(H_2SO_4)$, पोटेशियम परमैंग्नेट $(KMnO_4)$, आयोडीन आदि।

**तुल्यांक नियम** (Law of equivalence) : इसका उपयोग सभी आयतनात्मक ऑकलन में किया जाता है। इसके अनुसार रासायनिक पदार्थ उनके तुल्यांकी भार के अनुपात में अभिक्रिया करते हैं।

$$\frac{\text{पदार्थ } A \text{ का द्रव्यमान}}{\text{पदार्थ } B \text{ का द्रव्यमान}} = \frac{A \text{ का तुल्यांकी द्रव्यमान}}{B \text{ का तुल्यांकी द्रव्यमान}}$$

या $\dfrac{\text{पदार्थ } A \text{ का द्रव्यमान}}{A \text{ का तुल्यांकी द्रव्यमान}} = \dfrac{\text{पदार्थ } B \text{ का द्रव्यमान}}{B \text{ का तुल्यांकी द्रव्यमान}}$

या $A$ का ग्राम तुल्यांक $= B$ का ग्राम तुल्यांक

या $A$ का मिली ग्राम तुल्यांक $= B$ का मिली ग्राम तुल्यांक

वह बिन्दु जिस पर दो अभिकर्मकों का तुल्यांक बिल्कुल एकसमान होता है समान तुल्यांक बिन्दु या अन्तिम बिन्दु कहलाता है। वह पदार्थ जो अनुमापन की समाप्ति या अभिकर्मकों की उदासीनता या समान तुल्यांक बिन्दु या अन्तिम बिन्दु को व्यक्त करता है सूचक (indicator) कहलाता है।

**विलयन की सान्द्रता को प्रदर्शित करने की विधियाँ**

किसी विलयन की सान्द्रता को निम्नलिखित कई प्रकार से प्रदर्शित किया जाता है।

(1) द्रव्यमान प्रतिशतता, (2) मोलरता

(3) मोललता, (4) मोलप्रभाज

(5) नॉर्मलता

**अनुमापन के प्रकार** : अनुमापन को निम्नलिखित वर्गों में विभक्त किया गया है,

(1) अम्ल क्षार अनुमापन या अम्लमिती तथा क्षारमिती

(2) ऑक्सीकरण-अपचयन अनुमापन या रेडॉक्स अनुमापन

(3) अवक्षेपण अनुमापन

(4) संकुलमिती अनुमापन

(1) **अम्ल क्षार अनुमापन** (Acid base titration) : जब एक अम्ल की सामर्थ्य, क्षार के मानक विलयन से ज्ञात की जाती है तो उसे **अम्लमिती** (Acidimetry) कहते हैं। इसी प्रकार जब एक क्षार की सामर्थ्य, अम्ल के मानक विलयन से ज्ञात की जाती है तो उसे **क्षारमिती** (Alkalimetry) कहते हैं। दोनों प्रकार के अनुमापनों में एक अम्ल की, एक क्षार के साथ उदासीनता ज्ञात की जाती है। इस अनुमापन में अम्ल का $H^+$ आयन, क्षार के $OH^-$ आयन से उदासीन होकर जल का एक अणु बनाता है।

$$\underset{\text{अम्ल}}{HA} + \underset{\text{क्षार}}{BOH} \longrightarrow \underset{\text{लवण}}{BA} + \underset{\text{जल}}{H_2O}$$

या $H^+ + A^- + B^+ + OH^- \longrightarrow B^+ + A^- + H_2O$

या $H^+ + OH^- \longrightarrow H_2O$

इन अनुमापनों में अन्तिम बिन्दु कार्बनिक रंजक (dyes) की सहायता से ज्ञात किया जाता है जो दुर्बल अम्लीय या दुर्बल क्षारीय होते हैं। हाइड्रोजन आयन सान्द्रण की सीमा परास (limited range) पर यह अपने रंग में परिवर्तन करते हैं, जो कि $pH$ कहलाता है। दुर्बल अम्ल या प्रबल अम्ल पर प्रबल क्षार (कार्बोनेट से मुक्त) के अनुमापन के लिए फिनॉफ्थेलीन सूचक उपयोगी होता है। जबकि दुर्बल क्षार या प्रबल क्षार पर प्रबल अम्ल के अनुमापन में मेथिल ऑरेन्ज का उपयोग किया जाता है। दुर्बल अम्ल तथा दुर्बल क्षार के लिए कोई भी सूचक सत्य परिणाम नहीं देते हैं। इनका अनुमापन कुछ भौतिक विधियों द्वारा किया जाता है।

(2) **ऑक्सीकरण तथा अपचयन अनुमापन** (Oxidation reduction titration) : ऑक्सीकरण तथा अपचयन पर आधारित अनुमापन को रेडॉक्स अनुमापन कहते हैं। रासायनिक क्रिया अभिकर्मक आयन के जलीय विलयन में इलेक्ट्रॉन के स्थानान्तरण द्वारा सम्पन्न होती है। कभी-कभी यह अनुमापन अभिकर्मकों के उपयोग के पश्चात् नामांकित किया जाता है।

(i) ***परमैंग्नेट अनुमापन*** *(Permanganate titration)* : इस प्रकार के अनुमापन में पोटेशियम परमैंग्नेट का उपयोग अम्लीय माध्यम में ऑक्सीकारक के रुप में किया जाता है। माध्यम को तनु $H_2SO_4$ द्वारा नियंत्रित किया जाता है। पोटेशियम परमैंग्नेट स्वतः सूचक के रुप में कार्य करता है। रेडॉक्स अभिक्रिया जब पोटेशियम परमैंग्नेट ऑक्सीकारक के रुप में कार्य करता है।

$$2KMnO_4 + 3H_2SO_4 \longrightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 3H_2O + 5[O]$$

या $MnO_4^- + 8H^+ + 5e \longrightarrow Mn^{2+} + 4H_2O$

अन्तिम बिन्दु के पहले विलयन रंगहीन होता है (जब $KMnO_4$ विलयन ब्यूरेट में रहता है) परन्तु समतुल्यांक बिन्दु पर $KMnO_4$ की एक अतिरिक्त बूँद विलयन को गुलाबी कर देती हैं अर्थात गुलाबी रंग अन्तिम बिन्दु को दर्शाता है। पोटेशियम परमैंग्नेट का उपयोग फैरस लवण, ऑक्जेलिक अम्ल, ऑक्जेलेट, हाइड्रोजन परऑक्साइड आदि के आँकलन में किया जाता है। उपयोग करने के पहले पोटेशियम परमैंग्नेट का मानक विलयन बनाया जाता है।

(ii) ***डाइक्रोमेट अनुमापन*** *(Dichromate titration)* : वह अनुमापन जिसमें पोटेशियम डाइक्रोमेट का उपयोग अम्लीय माध्यम में अनुमापन के लिए ऑक्सीकारक के रुप में किया जाता है तनु $H_2SO_4$ की सहायता से माध्यम को अम्लीय रखा जाता है। विभव समीकरण निम्न है,

$$K_2Cr_2O_7 + 4H_2SO_4 \longrightarrow K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 + 4H_2O + 3[O]$$

या $Cr_2O_7^{2-} + 14H^+ + 6e^- \longrightarrow 2Cr^{3+} + 7H_2O$

पोटेशियम डाइक्रोमेट का उपयोग सीधे ही मापन के लिए उपयोग में लाते हैं। इसका उपयोग मुख्यतः फैरस लवण और आयोडाइड के आकलन के लिए किया जाता है। अधिकांश फैरस लवण में $K_2Cr_2O_7$ का उपयोग अन्तः सूचक या बाह्य सूचक के रुप में किया जाता है।

(iii) ***आयोडिमिती तथा आयोडोमिती अनुमापन*** *(Iodimetric and iodometric titrations)*: इस प्रकार के अनुमापन में मुक्त आयोडीन का आयोडाइड आयन में अपचयन तथा आयोडाइड आयन का मुक्त आयोडीन में ऑक्सीकरण किया जाता है।

$I_2 + 2e^- \longrightarrow 2I^-$ (अपचयन)

$2I^- \longrightarrow I_2 + 2e^-$ (ऑक्सीकरण)

इन्हें दो वर्गों में विभक्त किया गया है,

(a) *आयोडिमिती अनुमापन (Iodimetric titration)*: इस प्रकार के अनुमापन में मुक्त आयोडीन का उपयोग होता है। आयोडीन का विलयन प्राप्त करना कठिन होता है। (वाष्पशील तथा जल में कम घुलनशील) यह $KI$ विलयन में घुलनशील होता है।

$$KI + I_2 \longrightarrow \underset{\text{पोटेशियम ट्राईआयोडाइड}}{KI_3}$$

उपयोग के पूर्व इस विलयन को $I_2$ के मानक विलयन के साथ मानक बना लिया जाता है। सल्फाइट, थायोसल्फेट, आर्सिनेट आदि पदार्थों का आँकलन किया जाता है।

(b) *आयोडोमिती अनुमापन (Iodometric titration)* : आयोडोमिती अनुमापन में मुक्त आयोडीन को उत्सर्जित करने के लिये किसी ऑक्सीकारक को उदासीन माध्यम अथवा अम्लीय माध्यम में पोटेशियम आयोडाइड के आधिक्य के साथ अभिकृत करते हैं

$KI +$ ऑक्सीकारक $\longrightarrow I_2$

मुक्त आयोडीन का मानक अपचायक सामान्यतः सोडियम थायोसल्फेट के साथ अनुमापित किया जाता है। हैलोजन, ऑक्सीहैलोजन, डाईक्रोमेट, क्यूप्रिक आयन, परऑक्साइड आदि इस विधि द्वारा अनुमापित किये जाते हैं।

$$I_2 + Na_2S_2O_3 \longrightarrow 2NaI + Na_2S_4O_6$$

$$2CuSO_4 + 4KI \longrightarrow Cu_2I_2 + 2K_2SO_4 + I_2$$

$$K_2Cr_2O_7 + 6KI + 7H_2SO_4 \longrightarrow Cr_2(SO_4)_3 + 4K_2SO_4 + 7H_2O + 3I_2$$

आयोडीमिती तथा आयोडोमिती अनुमापन में स्टार्च विलयन का उपयोग सूचक के रुप में किया जाता है। स्टार्च का विलयन आयोडीन के साथ नीला या बैगनी रंग देता है। अन्तिम बिन्दु पर नीला या बैगनी रंग पूर्णतः अदृश्य हो जाता है। जब आयोडीन पूर्णतः आयोडाइड में परिवर्तित होता है।

(3) **अवक्षेप अनुमापन** (Precipitation titration): अनुमापन जो कि अघुलनशील अवक्षेप पर आधारित होता है। जब विलयन के दो क्रियाकारी अभिकर्मकों के विलयन को सम्पर्क में लाया जाता है तो इसे **अवक्षेप अनुमापन** कहते हैं। उदाहरण : जब $AgNO_3$ विलयन को $NaCl$ या $NH_4CNS$ विलयन में मिलाया जाता है तो सिल्वर क्लोराइड या सिल्वर थायोसाइनेट का श्वेत अवक्षेप प्राप्त होता है।

$$AgNO_3 + NaCl \longrightarrow AgCl + NaNO_3$$

$$AgNO_3 + NH_4CNS \longrightarrow AgCNS + NH_4NO_3$$

इस प्रकार सिल्वर नाइट्रेट के अनुमापन को अर्जेन्टोमिती अनुमापन कहते हैं।

(4) **संकुलमिती अनुमापन** (Complexometric titration): वह अनुमापन जिसमें अन्तिम बिन्दु पर अविभाज्य संकुल प्राप्त होते हैं। इसे **संकुलमिती अनुमापन** कहते हैं।

यह अनुमापन अवक्षेप अनुमापन से श्रेष्ठ है, क्योंकि इसमें सह अवक्षेपण के कारण कोई त्रुटि नहीं होती

$$Hg^{2+} + 2SCN^- \longrightarrow Hg(SCN)_2$$

$$Ag^+ + 2CN^- \longrightarrow [Ag(CN)_2]^-$$

EDTA (एथिलीन डाई एमीन टेट्राएसीटिक एसिड) एक उपयोगी अभिकर्मक है जो धातु के साथ संकुल बनाता है। डाईसोडियम लवण के रुप में इसकी सहायता से $Ca^{2+}$ तथा $Mg^{2+}$ का अनुमापन इरीक्रोम ब्लैक-$T$ सूचक की उपस्थिति में करते हैं।

***अम्ल तथा क्षार का तुल्यांकी भार*** *(Equivalent masses of acids and bases)* **:** किसी अम्ल एवं क्षारों के तुल्यांकी भार नीचे सारणी में दिये गये है।

**सारणी : 21.10**

| अम्ल | क्षारीयता | अणुभार | तुल्यांकी भार |
|---|---|---|---|
| $HCl$ | 1 | 36.5 | $\frac{36.5}{1}$ =36.5 |
| $HNO_3$ | 1 | 63 | $\frac{63}{1}$ =63.0 |
| $H_2SO_4$ | 2 | 98 | $\frac{98}{2}$ =49.0 |
| $CH_3COOH$ | 1 | 60 | $\frac{60}{1}$ =60.0 |
| $H_2C_2O_4.2H_2O$ | 2 | 126 | $\frac{126}{2}$ =63.0 |
| $H_3PO_4$ | 3 | 98 | $\frac{98}{3}$ =32.7 |
| $H_3PO_3$ | 2 | 82 | $\frac{82}{2}$ =41.0 |
| $H_3PO_2$ | 1 | 66 | $\frac{66}{1}$ =66.0 |

**सारणी : 21.11**

| क्षार | अम्लीयता | अणुभार | तुल्यांकी भार |
|---|---|---|---|
| $NaOH$ | 1 | 40 | $\frac{40}{1}$ = 40 |
| $KOH$ | 1 | 56 | $\frac{56}{1}$ = 56 |
| $Ca(OH)_2$ | 2 | 74 | $\frac{74}{2}$ = 37 |
| $NH_4OH$ | 1 | 35 | $\frac{35}{1}$ = 35 |

**आयतनात्मक विश्लेषण की गणना**

गणना के लिए निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना चाहिए,

(i) एक पदार्थ का 1 ग्राम तुल्यांक पूर्णतः 1 ग्राम तुल्यांक वाले अन्य पदार्थ से पूर्णतः अभिक्रिया करना चाहिए। 1 ग्राम तुल्यांक का शाब्दिक अर्थ है पदार्थ का ग्राम में तुल्यांकी भार जैसे,

1 ग्राम $NaOH$ का तुल्यांकी भार $= 40$ ग्राम $NaOH$

1 ग्राम $H_2SO_4$ का तुल्यांकी भार $= 49$ ग्राम $H_2SO_4$

1 ग्राम $KMnO_4$ का तुल्यांकी भार $= 31.6$ ग्राम $KMnO_4$

1 ग्राम जलयोजित ऑक्जेलिक अम्ल

$= 63$ ग्राम जलयोजित ऑक्जेलिक अम्ल

**नोट :** तुल्यांकी भार परिवर्ती मात्रा है और उस अभिक्रिया पर निर्भर करता है जिसमें पदार्थ भाग लेता है, अतः ग्राम तुल्यांक लिखने के पहले पदार्थ की अभिक्रिया की प्रकृति ज्ञात कर लेनी चाहिए । उदाहरण - अभिक्रिया में,

$$2NaCl + 2H_2SO_4 \longrightarrow 2NaHSO_4 + 2HCl \quad .....(i)$$

$$2NaCl + H_2SO_4 \longrightarrow Na_2SO_4 + 2HCl \quad .....(ii)$$

समीकरण (i) में $H_2SO_4$ का ग्राम तुल्यांकी भार 98 ग्राम तथा समीकरण (ii) में $H_2SO_4$ का ग्राम तुल्यांकी भार 49 ग्राम है।

(ii) ग्राम-तुल्यांकी भार की संख्या

$$= \frac{\text{पदार्थ का ग्राम में भार}}{\text{पदार्थ का तुल्यांकी भार}}$$

$$\text{ग्राम मोलों की संख्या} = \frac{\text{पदार्थ का ग्राम में भार}}{\text{पदार्थ का अणु भार}}$$

$$= \frac{\text{N.T.P. पर पदार्थ का आयतन लीटर में}}{22.4} \text{ (केवल गैस के लिए)}$$

$$\text{मि.ली. तुल्यांकों की संख्या} = \frac{\text{ग्राम में भार} \times 1000}{\text{तुल्यांकी भार}}$$

$$\text{मि.ली. मोलों की संख्या} = \frac{\text{ग्राम में भार} \times 1000}{\text{अणुभार}}$$

(iii) $\text{मोलरता} = \frac{\text{विलेय के मोलों की संख्या}}{\text{विलयन का आयतन लीटर में}} = \frac{w}{m \times V}$

मोलरता $\times$ अणुभार = विलयन की प्रबलता (ग्राम / लीटर),

विलेय के मोलों की संख्या = मोलरता $\times$ विलयन का आयतन लीटर में

विलेय का ग्राम में द्रव्यमान $g(w) =$ मोलरता $\times$ विलयन का आयतन लीटर में $\times$ विलेय का अणुभार

$\text{नॉर्मलता} = \frac{\text{विलेय के तुल्यांक भार की संख्या}}{\text{विलयन का आयतन लीटर में}} = \frac{w}{E \times V}$

नॉर्मलता $\times$ तुल्यांकी द्रव्यमान = विलयन की प्रबलता (ग्राम / लीटर)

विलेय के तुल्यांकों की संख्या = नॉर्मलता $\times$ विलयन का आयतन लीटर में

विलेय का द्रव्यमान $g(w) =$ नार्मलता $\times$ विलयन का लीटर में आयतन $\times$ विलेय का तुल्यांकी भार

$$\frac{\text{अणुभार}}{\text{तुल्यांकी भार}} = n = \frac{\text{नॉर्मलता}}{\text{मोलरता}}$$

नॉर्मलता $= n \times$ मोलरता

(iv) ***नॉर्मलता समीकरण*** : जब विलयन $A$ तथा $B$ पूर्ण अभिक्रिया करते हैं

$$N_A V_A = N_B V_B$$

$A$ की नॉर्मलता $\times$ $A$ का आयतन = $B$ की नॉर्मलता $\times$ $B$ का आयतन

या $\frac{A \text{ की प्रबलता}}{A \text{ का तुल्यांकी भार}} \times V_A = \frac{B \text{ की प्रबलता}}{B \text{ का तुल्यांकी भार}} \times V_B$

$$\frac{\text{धातु हाइड्रॉक्साइड का भार}}{\text{धातु ऑक्साइड का भार}} = \frac{\text{धातु हाइड्रॉक्साइड का तुल्यांकी भार}}{\text{धातु ऑक्साइड का तुल्यांकी भार}}$$

$$= \frac{\text{धातु का तुल्यांकी भार} + OH \text{ का तुल्यांकी भार}}{\text{धातु का तुल्यांकी भार} + O^{2-} \text{का तुल्यांकी भार}}$$

(v) *यदि तनु विलयन हो तो निम्नलिखित सूत्र प्रयोग में लाते हैं,*

$N_1V_1 = N_2V_2$ या $M_1V_1 = M_2V_2$ या $S_1V_1 = S_2V_2$

तनुता के पहले = तनुता के पश्चात्

(vi) यदि अधिक संख्या में अम्ल मिलाये तो मिश्रण की संयुक्त नॉर्मलता $N_x$ होगी

$$N_xV_x = N_1V_1 + N_2V_2 + N_3V_3 + ......$$

जहाँ $V_x$ विलयन का कुल आयतन, $N_1$ तथा $V_1$ प्रथम अम्ल की नॉर्मलता तथा आयतन तथा $N_2$ व $V_2$ द्वितीय अम्ल की नार्मलता तथा आयतन हैं।

# Tips & Tricks

✍ काँच की छड़ को कभी भी ज्वाला परीक्षण में प्रयुक्त नहीं करना चाहिये क्योंकि ये उसमें उपस्थित सोडियम के कारण सोने जैसा पीला रंग देती है। एस्बेस्टॉस तन्तु को प्लेटिनम तार के स्थान पर प्रयुक्त किया जा सकता है।

✍ बोरेक्स बीड परीक्षण में पारदर्शी बीड $NaBO_2 + B_2O_3$ की बनी होती है।

✍ छनित राख परीक्षण कोबाल्ट नाइट्रेट परीक्षण के लिये वैकल्पिक है और ये बेहतर परिणाम देता है।

✍ $CO_2$ एवं $SO_2$ दोनों ही चूने के पानी को दूधिया कर देते हैं।

$$Ca(OH)_2 + CO_2 \longrightarrow \underset{\text{दूधिया}}{CaCO_3} \downarrow + H_2O$$

$$Ca(OH)_2 + SO_2 \longrightarrow \underset{\text{दूधिया}}{CaSO_3} \downarrow + H_2O$$

✍ $KMnO_4$ का तुल्यांकी भार अम्लीय, क्षारीय एवं उदासीन माध्यम में भिन्न भिन्न है अर्थात् क्रमशः, 31.6, 158 एवं 52.67 है।

# Ordinary Thinking

## Objective Questions

### प्राथमिक परीक्षण

1. बोरेक्स बीड परीक्षण में निम्न में से कौनसा यौगिक बनता है [CBSE PMT 2002]
   (a) मैटा बोरेट (b) टेट्रा बोरेट
   (c) डबल ऑक्साइड (d) ऑर्थोबोरेट

2. धातु जो सुहागा-मनका (Borax bead) परीक्षण नहीं देती है [MP PMT 1999]
   (a) क्रोमियम (b) निकिल
   (c) लैड (d) मेंग्नीज

3. निम्न में से कौन रंगीन यौगिक है [BCECE 2005]
   (a) $CuF_2$ (b) $CuI$
   (c) $NaCl$ (d) $MgCl_2$

4. *गोल्डन स्पेंगल* (Golden Spangles) का संघटन है [CBSE PMT 1990]
   (a) $PbCrO_4$ (b) $PbI_2$
   (c) $As_2S_3$ (d) $BaCrO_4$

5. वह क्षारीय मृदा-धातु जो क्लोराइड के रूप में बुन्सन ज्वाला में डालने पर उसे सेब जैसा हरा रंग देती है, वह है [EAMCET 1979]
   (a) बेरियम (b) स्ट्रॉन्शियम
   (c) कैल्शियम (d) मैग्नीशियम

6. बोरेक्स-बीड परीक्षण में कौन बैंगनी रंग की बीड देता है [BHU 1988; MP PET 1997]
   (a) $Fe^{2+}$ (b) $Ni^{2+}$
   (c) $Co^{2+}$ (d) $Mn^{2+}$

7. सोडियम बोरेट सान्द्र $H_2SO_4$ तथा $C_2H_5OH$ के साथ अभिक्रिया करके एक यौगिक '*A*' देता है जो कि हरी ज्वाला के साथ जलता है यौगिक '*A*' है [MP PET 1994]
   (a) $H_2B_4O_7$ (b) $(C_2H_5)_2B_4O_7$
   (c) $H_3BO_3$ (d) $(C_2H_5)_3BO_3$

8. दो रंगहीन गैसों को मिलाने से गहरा भूरा रंग प्राप्त होता है। ये दो गैसें हैं [CPMT 1977]
   (a) $N_2O$ व $O_2$ (b) $NO$ व $O_2$
   (c) $N_2O_3$ व $O_2$ (d) इनमें से कोई नहीं

9. निम्न में से कौनसी धातु नीली राख देती है यदि उसके लवण को $Na_2CO_3$ ठोस व $Co(NO_3)_2$ के साथ चारकोल टुकड़े में गर्म करें [MNR 1987]
   (a) $Cu$ (b) $Mg$
   (c) $Al$ (d) $Zn$

10. निम्न में से कौनसी धातु बोरेक्स-बीड परीक्षण नहीं देती [BHU 1987; AFMC 1995; MHCET 2003]
    (a) $Cr$ (b) $Ni$
    (c) $Na$ (d) $Mn$

11. सान्द्र $H_2SO_4$ को शुष्क $KNO_3$ में मिलाने पर भूरे रंग की धूम्र निकलती हैं, ये धूम्र होती हैं [CPMT 1988; IIT 1987]
    (a) $SO_2$ की (b) $SO_3$ की
    (c) $NO$ की (d) $NO_2$ की

12. यदि कोई लवण प्लेटिनम तार द्वारा परीक्षण में हरी ज्वाला देता है, तो वह निम्न में से कौनसा हो सकता है
    (a) बेरियम लवण (b) कैल्शियम लवण
    (c) बोरेट (d) लैड लवण

13. कैल्शियम ऑक्जेलेट का अवक्षेप निम्न में से किसमें नहीं घुलेगा [CPMT 1971]
    (a) $HCl$ (b) $HNO_3$
    (c) अम्लराज (d) एसीटिक अम्ल

14. सोडियम सल्फाइट को तनु $HCl$ के साथ गर्म करने पर गैस निकलती है जो निम्न को करती है [NCERT 1972]
    (a) लैड ऐसीटेट पेपर को काले रंग में परिवर्तित कर देती है
    (b) अम्लीकृत पोटेशियम डाइक्रोमेट पेपर को हरे रंग में बदल देती है
    (c) नीली ज्वाला के साथ जलती है
    (d) सिरके के समान गंध आती है

15. स्टार्च आयोडाइड पत्र निम्न में से किसके परीक्षण में प्रयोग होता है
    (a) आयोडीन (b) आयोडाइड आयन
    (c) ऑक्सीकारक (d) अपचायक

16. निम्न में से कौनसा लवण $AgNO_3$ विलयन तथा तनु $H_2SO_4$ विलयन के साथ सफेद अवक्षेप देता है, और हरी ज्वाला परीक्षण देता है
    (a) $CuCl_2$ (b) $BaCl_2$
    (c) $PbCl_2$ (d) $Cu(NO_3)_2$

17. दो गैसों को मिश्रित करने पर घना सफेद धूम्र प्राप्त हुआ, तो अभिकारक गैसें होंगी

(a) अमोनिया तथा सल्फर डाइऑक्साइड
(b) सल्फर डाइऑक्साइड तथा भाप
(c) अमोनिया तथा हाइड्रोजन क्लोराइड
(d) अमोनिया तथा नाइट्रस ऑक्साइड

**18.** नीला बोरेक्स-बीड निम्न के साथ प्राप्त होता है [MADT Bihar 1982; MP PET 1995]
(a) $Zn$ (b) कोबाल्ट
(c) क्रोमियम (d) $Fe$

**19.** निम्न में से कौन बर्नर ज्वाला में हरा रंग प्रदान करेगा [DCE 2004]
(a) $B(OMe)_3$ (b) $Na(OMe)$
(c) $Al(O\,\mathrm{Pr})_3$ (d) $Sn(OH)_2$

**20.** प्रयोगशाला के बर्नर में हम प्रयुक्त करते हैं [DCE 2004]
(a) प्रोड्यूसर गैस (b) तेल गैस
(c) गोबर गैस (d) कोल गैस

**21.** रंगहीन गैस जिसमें सड़ी मछली की गन्ध आती है वह है [AFMC 2005]
(a) $H_2S$ (b) $PH_3$
(c) $SO_2$ (d) इनमें से कोई नहीं

**22.** दो गैसों की समअणुक मात्रा की –30°C पर क्रिया कराने पर निम्न में से किसका नीला द्रव प्राप्त होता है [IIT 2005]
(a) $N_2O$ (b) $N_2O_3$
(c) $N_2O_4$ (d) $N_2O_5$

**23.** $MnO_2$ एवं $H_2SO_4$ को $NaCl$ , में मिलाया जाता है तो उत्सर्जित गैस होगी [Orissa JEE 2005]
(a) $Cl_2$ (b) $NH_3$
(c) $N_2$ (d) $H_2$

## अम्लीय मूलकों के लिये परीक्षण

**1.** जब $NaCl$ तथा $K_2Cr_2O_7$ के मिश्रण को सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ थोड़ा सा गर्म किया जाता है तो निम्न में से कौनसा कथन सही है [IIT 1998; CPMT 1988; AMU 1984; MP PMT 2002]
(a) एक गहरी लाल वाष्प उत्पन्न होती है
(b) वाष्प को जब $NaOH$ विलयन में जाने देते हैं तब यह $Na_2CrO_4$ का पीला विलयन देती हैं
(c) क्लोरीन गैस उत्पन्न होती है
(d) क्रोमिल क्लोराइड बनता है

**2.** निम्न में से किसकी थोड़ी-सी मात्रा का पता लगाने के लिए स्टार्च को सूचक के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है [CPMT 1992]
(a) जलीय विलयन में ग्लूकोज
(b) रक्त में प्रोटीन
(c) जलीय विलयन में आयोडीन
(d) रक्त में यूरिया

**3.** निम्न में से कौन $Fe$ (II) आयनों के साथ क्रिया कर भूरा संकुल बनाता है [AIIMS 1982, 87; AFMC 1988; CBSE PMT 2000; Pb. PMT 2000; MP PET 2000, 01]
(a) $N_2O$ (b) $NO$
(c) $N_2O_3$ (d) $N_2O_5$

**4.** जब सोडियम नाइट्रोप्रूसाइड को सल्फाइड आयनों के क्षारीय विलयन में मिलाया जाता है तो निम्न में से किसके बनने से बैंगनी रंग के आयन प्राप्त होते हैं [IIT 1995]
(a) $Na[Fe(H_2O)_5NOS]$ (b) $Na_2[Fe(H_2O)_5NOS]$
(c) $Na_3[Fe(CN)_5NOS]$ (d) $Na_4[Fe(CN)_5NOS]$

**5.** क्रोमिल क्लोराइड परीक्षण में अभिकर्मक उपयोग करते हैं [AMU 1983]
(a) $K_2CrO_4$ (b) $CrO_3$
(c) $K_2Cr_2O_7$ (d) $(NH_4)_2Cr_2O_7$

**6.** निम्न में से कौन $AgNO_3$ विलयन के साथ अवक्षेप नहीं देता [MP PMT 1990]
(a) $F^-$ (b) $Br^-$
(c) $CO_3^{2-}$ (d) $PO_4^{3-}$

**7.** जब ठोस $NaCl$, तथा ठोस $K_2Cr_2O_7$ का मिश्रण सान्द्र $H_2SO_4$, के साथ गर्म किया जाता है तो किस यौगिक की नारंगी लाल वाष्पें निकलती हैं। [CPMT 1974, 78, 81, 88; DPMT 1983, 89; NCERT 1977; AFMC 1982; AMU 1984]
(a) क्रोमस क्लोराइड (b) क्रोमिल क्लोराइड
(c) क्रोमिक क्लोराइड (d) क्रोमिक सल्फेट

**8.** क्रोमिल क्लोराइड वाष्पों को $NaOH$ में घोलकर तथा एसीटिक अम्ल तथा लैड एसीटेट विलयन मिलाने पर
(a) विलयन रंगहीन रहता है
(b) विलयन गहरा हरा हो जाता है
(c) विलयन पीला हो जाता है
(d) पीला अवक्षेप प्राप्त होता है

**9.** निम्न में से किसके विलयन में $H_2S$ गैस प्रवाहित करने पर काला अवक्षेप प्राप्त होता है [CPMT 1974]
(a) अम्लीय $AgNO_3$ (b) $Mg(NO_3)_2$
(c) अमोनियामय $BaCl_2$ (d) कॉपर नाइट्रेट

**10.** एक लवण सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ बैंगनी वाष्प उत्पन्न करता है। इस मिश्रण में है [DPMT 1981; CPMT 1971]
(a) क्लोराइड (b) आयोडाइड
(c) ब्रोमाइड (d) नाइट्रेट

**11.** एक लवण का विलयन जिसमें क्लोरोफॉर्म उपस्थित है इसमें $Cl_2$ जल मिलाने से क्लोरोफॉर्म पर्त बैंगनी हो जाती है। लवण में उपस्थित है [CPMT 1982]
(a) $Cl^-$ (b) $I^-$
(c) $NO_3^-$ (d) $S^{2-}$

**12.** एक लवण को पहले तनु तथा फिर सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ गर्म करने पर कोई क्रिया नहीं होती है। इस लवण में है [CPMT 1978]
(a) नाइट्रेट (b) सल्फाइड
(c) ऑक्जेलेट (d) सल्फेट

**13.** फॉस्फेट मूलक अमोनियम मोलिब्डेट के साथ किस रंग का अवक्षेप देता है
(a) बैंगनी (b) गुलाबी

(c) कनेरी पीला (d) हरा

14. कौनसा यौगिक $NH_4OH$ में विलेय है [AFMC 1987]

(a) $PbCl_2$ (b) $PbSO_4$

(c) $AgCl$ (d) $CaCO_3$

15. सभी धातुओं के नाइट्रेट होते हैं [DPMT 1983, 89]

(a) रंगीन (b) अस्थायी

(c) जल में विलेय (d) जल में अविलेय

16. नाइट्रेट का पुष्टिकरण रिंग परीक्षण द्वारा किया जाता है। रिंग का भूरा रंग किस यौगिक के बनने के कारण होता है [EAMCET 1979; AFMC 1981, 88, 90; RPET 1999; MP PMT 2000; MP PET 2002; CPMT 2004]

(a) फैरस नाइट्राइट (b) $FeSO_4NO$

(c) $FeSO_4NO_2$ (d) फैरस नाइट्रेट

17. निम्न में से किसका अवक्षेप $NH_4OH$ के आधिक्य में भी नहीं घुलता है। [MP PMT 1991]

(a) $AgCl$ (b) $AgBr$

(c) $AgI$ (d) इनमें से कोई नहीं

18. एक लवण के जलीय विलयन में $AgNO_3$ विलयन मिलाने से श्वेत अवक्षेप आता है जो $NH_4OH$ में घुल जाता है। लवण में उपस्थित मूलक है

(a) $Cl^-$ (b) $Br^-$

(c) $I^-$ (d) $NO_3^-$

19. कार्बन डाइऑक्साइड प्रवाहित करने से चूने का पानी दूधिया हो जाता है। कार्बन डाइऑक्साइड के आधिक्य में दूधियापन अदृश्य हो जाता है, क्योंकि

(a) अभिक्रिया उत्क्रम हो जाती है

(b) जल में विलेय कैल्शियम बाइकार्बोनेट बनता है

(c) वाष्पशील कैल्शियम व्युत्पन्न बन जाते हैं

(d) इनमें से कोई नहीं

20. एक मिश्रण को सान्द्र $H_2SO_4$ और $MnO_2$ के साथ गर्म करने पर किसके कारण भूरी वाष्प बनती हैं

(a) $Br^-$ (b) $NO_3^-$

(c) $Cl^-$ (d) $I^-$

21. एक पदार्थ तनु $H_2SO_4$ के साथ क्रिया करके रंगहीन गैस निकालता है जिससे (i) बैराइटा जल के साथ धुंधलापन उत्पन्न होता है तथा (ii) अम्लीय डाइक्रोमेट विलयन हरे रंग में परिवर्तित हो जाता है। यह अभिक्रिया निम्न में से किसकी उपस्थिति को प्रदर्शित करती है [IIT 1992]

(a) $CO_3^{2-}$ (b) $S^{2-}$

(c) $SO_3^{2-}$ (d) $NO_2^-$

22. सल्फेट मूलक के परीक्षण में सल्फेट का सफेद अवक्षेप किस अम्ल में विलेय है

(a) सान्द्र $HCl$ (b) सान्द्र $H_2SO_4$

(c) सान्द्र $HNO_3$ (d) इनमें से कोई नहीं

23. एक अकार्बनिक मिश्रण में ठण्डा तनु $H_2SO_4$ मिलाते हैं तो एक रंगहीन और गंधहीन गैस निकलती है। इस मिश्रण में मूलक है [AMU 1982]

(a) सल्फाइट (b) एसीटेट

(c) नाइट्राइट (d) कार्बोनेट

24. कौनसा अभिकर्मक $SO_4^{2-}$ और $Cl^-$ को हटाने के लिए प्रयुक्त होता है [Pb. PMT 2002]

(a) $BaSO_4$ (b) $NaOH$

(c) $Pb(NO_3)_2$ (d) $KOH$

25. पोटेशियम आयोडाइड को सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ गर्म करने पर प्राप्त होता है [CPMT 1971]

(a) $HI$ (b) $I_2$

(c) $HIO_3$ (d) $KIO_3$

26. क्रोमिल क्लोराइड परीक्षण का उपयोग मिश्रण में निम्न की उपस्थिति को निश्चित करने में होता है [CPMT 1990; KCET 1992; RPET 1999]

(a) सल्फेट (b) क्रोमियम

(c) क्लोराइड (d) क्रोमियम व क्लोराइड

27. ऐसा अभिकर्मक, जो क्लोराइड व परऑक्साइड में विभेद कर सकता है [EAMCET 1976]

(a) जल (b) तनु $H_2SO_4$

(c) $KOH$ विलयन (d) $NaCl$

28. निम्न में से कौनसा अभिकर्मक सल्फेट आयन को ऐसे विलयन से हटाता है, जिसमें सल्फेट व क्लोराइड आयन दोनों होते हैं [NCERT 1975; CPMT 1979, 81]

(a) सोडियम हाइड्रॉक्साइड (b) बेरियम हाइड्रॉक्साइड

(c) बेरियम सल्फेट (d) पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड

29. ओजोन, पोटेशियम आयोडाइड विलयन से क्रिया कर कोई उत्पाद मुक्त करती है जो स्टार्च पेपर को नीला करता है। मुक्त होने वाला पदार्थ है [Orrisa JEE 2002]

(a) ऑक्सीजन (b) आयोडीन

(c) हाइड्रोजन आयोडाइड (d) पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड

30. $KBr$ को सान्द्र $H_2SO_4$ से क्रिया करने पर लाल-भूरे रंग की गैस निकलती है, जो है [EAMCET 1978]

(a) ब्रोमीन (b) ब्रोमीन तथा $HBr$ का मिश्रण

(c) $HBr$ (d) $NO_2$

31. एक लवण का तनु सल्फ्यूरिक अम्ल में विलयन स्टार्च आयोडाइड विलयन के साथ गहरा नीला रंग देता है। यह निम्न की उपस्थिति को सत्यापित करता है [MP PET 2003; NCERT 1974; CPMT 1977]

(a) $NO_2^-$ (b) $I^-$

(c) $NO_3^-$ (d) $CH_3COO^-$

32. अमोनिया क्लोरीन की अधिकता से क्रिया कर देती है [DPMT 2000]

(a) $N_2$ और $HCl$ (b) $NH_4Cl$ और $NCl_3$

(c) $NCl_3$ और $HCl$ (d) $N_2$ और $NH_4Cl$

33. निम्न में से किस परीक्षण में भूरी वलय प्राप्त होती है [EAMCET 1978; KCET 1991; Bihar CEE 1995; AIIMS 1996; DCE 1999]

(a) नाइट्रेट (b) नाइट्राइट

(c) ब्रोमाइड (d) आयरन

34. निम्नांकित में से कौनसा ऋणायन अम्लीय $KMnO_4$ विलयन को रंगहीन करेगा

(a) $SO_4^{2-}$ (b) $S^{2-}$

(c) $NO_3^-$ (d) $CH_3COO^-$

35. निम्न में से कौनसी गैस फैरस सल्फेट विलयन द्वारा अवशोषित किये जाने पर काला भूरा रंग देती है, वह है [AMU 1999]

(a) $NO$ (b) $CO$

(c) $N_2$ (d) $NH_3$

36. अवक्षेपण के द्वारा जलीय विलयन से निम्न में से कौनसा ऋणायन सरलता से नहीं निकलता [IIT 1995]

(a) $Cl^-$ (b) $NO_3^-$

(c) $CO_3^{-2}$ (d) $SO_4^{-2}$

37. $Na_2CO_3$ को किसकी पहचान में प्रयुक्त नहीं कर सकते [BVP 2004]

(a) $CO_3^{2-}$ (b) $SO_3^{2-}$

(c) $S^{2-}$ (d) $SO_4^{2-}$

38. सोडियम कार्बोनेट ($Na_2CO_3$) के एक अणु द्वारा जल अपघटन पर उत्पन्न हाइड्रॉक्साइड आयनों की संख्या है [Pb. CET 2002]

(a) दो (b) एक

(c) तीन (d) चार

39. गैस $A$ को अनबुझे चूने में बुलबुलाते हैं तब सफेद अवक्षेप बनता है। लम्बे समय तक बुलबुलाने पर अवक्षेप घुल जाता है, परिणामी विलयन को गर्म करने पर सफेद अवक्षेप पुनः प्रकट हो जाता है जिसके साथ गैस $B$ उत्सर्जित होती है। गैस $A$ एवं $B$ क्रमशः हैं [DPMT 2004]

(a) $CO_2$ एवं $CO$ (b) $CO$ एवं $CO_2$

(c) $CO$ एवं $CO$ (d) $CO_2$ एवं $CO_2$

40. अम्लीय $KMnO_4$ में $H_2S$ गैस के प्रवाहन द्वारा, हमें प्राप्त होता है [MP PET 1997]

(a) $K_2S$ (b) $S$

(c) $K_2SO_3$ (d) $MnO_2$

41. निम्न में से कौन सिल्वर नाइट्रेट विलयन के साथ अवक्षेप नहीं देता [J & K 2005]

(a) एथिल ब्रोमाइड (b) सोडियम ब्रोमाइड

(c) कैल्शियम क्लोराइड (d) सोडियम क्लोराइड

## भास्मिक मूलकों के लिये परीक्षण

1. कौनसा सल्फाइड $(NH_4)_2CO_3$ में विलेय है

(a) $SnS$ (b) $As_2S_3$

(c) $Sb_2S_3$ (d) $CdS$

2. जब एक कॉपर लवण के मिश्रण में एसीटिक अम्ल तथा $K_4Fe(CN)_6$ मिलाते हैं तो किस यौगिक का एक चॉकलेट अवक्षेप प्राप्त होता है

(a) कॉपर सायनाइड (b) कॉपर फेरोसायनाइड

(c) भास्मिक कॉपर सल्फेट (d) भास्मिक कॉपर सायनाइड

3. स्टेनस सल्फाइड ($SnS$) के पीले अमोनियम सल्फाइड में बने विलयन में $HCl$ मिलाया जाता है तब किसका अवक्षेप प्राप्त होता है [CPMT 1977; NCERT 1974]

(a) $SnS$ (b) $SnS_2$

(c) $Sn_2S_2$ (d) $(NH_4)_2SnS_3$

4. जब $H_2S$ गैस द्वितीय समूह में प्रवाहित की जाती है तो कभी-कभी विलयन दूधिया हो जाता है। इससे किसकी उपस्थिति प्रकट होती है [MP PMT 1995]

(a) अम्लीय लवण (b) ऑक्सीकारक

(c) थायोसल्फेट (d) अपचायक

5. तृतीय समूह के परीक्षण के पूर्व सान्द्र $HNO_3$ मिलाने का कारण है [NCERT 1974]

(a) शेष $H_2S$ का ऑक्सीकरण

(b) फैरस आयन का फैरिक आयन में रूपान्तरण

(c) नाइट्रेट बनता है जो दानेदार अवक्षेप देता है

(d) $NH_4OH$ के आयनन में वृद्धि

6. ज्वाला परीक्षण में एक लवण चटक लाल रंग उत्पन्न करता है। यह रंग किसकी उपस्थिति प्रकट करता है

(a) $Ba^{2+}$ (b) $Sr^{2+}$

(c) $Ca^{2+}$ (d) $Cr^{3+}$

7. कौनसा यौगिक एसीटिक अम्ल में अघुलनशील है [CPMT 1989]

(a) कैल्शियम ऑक्साइड (b) कैल्शियम कार्बोनेट

(c) कैल्शियम ऑक्जेलेट (d) कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड

8. निम्न में से किसके जलीय विलयन में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल मिलाने से एक श्वेत अवक्षेप प्राप्त होता है

(a) $Hg^+$ (b) $Mg^{++}$

(c) $Zn^{++}$ (d) $Cd^{++}$

9. निम्न में से कौनसे सल्फाइड तनु अम्लों में अविलेय, परन्तु क्षारों में विलेय हैं [CPMT 1990]

(a) $PbS$ (b) $CdS$

(c) $FeS$ (d) $Sb_2S_3$

10. चतुर्थ समूह के गुणात्मक विश्लेषण का अभिकर्मक है

(a) $HCl$ (b) $H_2S$ (क्षारीय)

(c) $(NH_4)_2S$ (d) इनमें से कोई नहीं

11. निम्न में से कौनसा मूलक, सान्द्र अम्लीय विलयन में $H_2S$ प्रवाहित करके अवक्षेपित नहीं किया जा सकता [BHU 1986]

(a) कॉपर (b) एण्टीमनी

(c) आर्सेनिक (d) कैडमियम

12. जब विलयनों को मिलाया जाये तो निम्नलिखित में से कौनसा युग्म अवक्षेप निर्मित करेगा [NCERT 1984]

(a) $K^+, SO_4^{2-}$ (b) $Na^+, S^{2-}$

(c) $Ag^+, NO_3^-$ (d) $Al^{3+}, OH^-$

13. $Cu, Zn, Cd$, के क्लोराइड विलयन से $H_2S$ सभी धातुओं को उनके सल्फाइडों के रूप में अवक्षेपित करती है, यदि [MP PMT 1985]

(a) विलयन जलीय हो

(b) विलयन अम्लीय हो

(c) विलयन तनु अम्लीय हो

(d) इनमें से कोई विलयन उपस्थित हो

14. $Ba^{++}, Sr^{++}$ व $Ca^{++}$ के जलीय विलयनों के मिश्रण में ऑक्जेलेट का विलयन मिलाने पर अवक्षेपित होंगे [MP PMT 1985]

(a) $Ca^{++}$ (b) $Ca^{++}$ व $Sr^{++}$

(c) $Ba^{++}$ व $Sr^{++}$ (d) ये सभी

**15.** निम्न में से कौनसा आयनों का जोड़ा तनु $HCl$ में $H_2S$ द्वारा पृथक नहीं हो सकता [IIT 1986]

(a) $Bi^{3+}, Sn^{4+}$ (b) $Al^{3+}, Hg^{2+}$

(c) $Zn^{2+}, Cu^{2+}$ (d) $Ni^{2+}, Cu^{2+}$

**16.** सिल्वर व लैड लवणों में विभेद करने वाला अभिकर्मक है [MADT Bihar 1984]

(a) $H_2S$ गैस

(b) गर्म तनु $HCl$ विलयन

(c) $NH_4Cl$ (ठोस) + $NH_4OH$ विलयन

(d) $NH_4Cl$ (ठोस) + $(NH_4)_2CO_3$ विलयन

**17.** द्वितीय समूह के क्षारीय मूलकों के अवक्षेपण के लिए समूह अभिकर्मक है [MADT Bihar 1982]

(a) तनु $HCl + H_2S$

(b) $NH_4Cl$ (ठोस) + $NH_4OH$ विलयन + $H_2S$

(c) $(NH_4)_2CO_3$ विलयन

(d) इनमें से कोई नहीं

**18.** ऐसा आयन, जो $HCl$ व $H_2S$ दोनों के द्वारा अवक्षेपित नहीं होता [IIT 1982; CPMT 1989]

(a) $Pb^{2+}$ (b) $Cu^{+}$

(c) $Ag^{+}$ (d) $Sn^{2+}$

**19.** $Pb(CH_3COO)_2$, $H_2S$ के साथ रंग देता है [DPMT 2000]

(a) नारंगी (b) लाल

(c) काला (d) सफेद

**20.** $Fe^{2+}$ आयन और $Fe^{3+}$ आयन को निम्न में से किसके द्वारा विभेदित किया जा सकता है [DPMT 2000]

(a) $NH_4SCN$ (b) $AgNO_3$

(c) $BaCl_2$ (d) इनमें से कोई नहीं

**21.** निम्न में से कौन $FeCl_3$ के जलीय विलयन का रंग परिवर्तित करता है [Roorkee Qualifying 1998]

(a) $K_4[Fe(CN)_6]$ (b) $H_2S$

(c) $NH_4CNS$ (d) $KCNS$

**22.** निम्न में से कौनसा पदार्थ सान्द्र $HNO_3$ में विलेय है [Roorkee Qualifying 1998]

(a) $BaSO_4$ (b) $CuS$

(c) $PbS$ (d) $HgS$

**23.** निम्न में से कौन आयोडोमिती अनुमापन नहीं देता है [AIIMS 1997]

(a) $Fe^{3+}$ (b) $Cu^{2+}$

(c) $Pb^{2+}$ (d) $Ag^{2+}$

**24.** निम्न में से कौनसा मिश्रण क्रोमिक अम्ल है [Pb. PMT 2000]

(a) $K_2Cr_2O_7$ और $HCl$

(b) $K_2SO_4$ और सान्द्र $H_2SO_4$

(c) $K_2Cr_2O_7$ और सान्द्र $H_2SO_4$

(d) $H_2SO_4$ और $HCl$

**25.** निम्न में से कौनसा यौगिक भूरे रंग का है [AFMC 2001]

(a) $Fe[Fe(CN)_4]$ (b) $Fe[Fe(CN)_6]$

(c) $Fe_4[Fe(CN)_6]$ (d) $K_2Fe[Fe(CN)_6]$

**26.** यदि $Na^{+}$ आयन और $S^{2-}$ आयन $Cl^{-}$ आयन से अधिक हैं। तब निम्न में से कौन जल में सबसे कम विलेय होगा [AMU (Engg.) 1999]

(a) $MgS$ (b) $NaCl$

(c) $Na_2S$ (d) $MgCl_2$

**27.** एक अकार्बनिक लवण के जलीय विलयन को $HCl$ के साथ मिलाने पर सफेद अवक्षेप प्राप्त होता है। इस विलयन में है [MP PMT 2001]

(a) $Hg_2^{2+}$ (b) $Hg^{2+}$

(c) $Zn^{2+}$ (d) $Cd^{2+}$

**28.** लैड सल्फेट घुलनशील है [MP PET 1999]

(a) सान्द्र नाइट्रिक अम्ल में

(b) सान्द्र हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में

(c) अमोनियम एसीटेट के विलयन में

(d) जल में

**29.** निम्नलिखित में से कौनसा सल्फाइड पीला है [MP PMT 1999]

(a) जिंक सल्फाइड (b) कैडमियम सल्फाइड

(c) निकिल सल्फाइड (d) लेड सल्फाइड

**30.** जब $CuCl_2$, $HgCl_2$, $BiCl_3$ एवं $CoCl_2$ के $HCl$ मिले हुए जलीय विलयन में $H_2S$ प्रवाहित की जाती है तब कौन अवक्षेपित नहीं होगा [MP PMT 2002]

(a) $CuS$ (b) $HgS$

(c) $Bi_2S_3$ (d) $CoS$

**31.** विश्लेषणात्मक समूह $IV$ के लिए समूह अभिकर्मक है [Kurukshetra CET 2002]

(a) $NH_4Cl + NH_4OH$

(b) $NH_4Cl + NH_4OH + H_2S$

(c) $NH_4OH + (NH_4)_2CO_3$

(d) $HCl + H_2S$

**32.** जब $Hg_2S$ में से $H_2S$ प्रवाहित की जाती है तो हमें प्राप्त होता है [AIEEE 2002]

(a) $HgS$ (b) $HgS + Hg_2S$

(c) $Hg_2S + Hg$ (d) $Hg_2S$

**33.** समूह III में $Fe^{3+}$ और $Cr^{3+}$ के बीच हम कैसे विभेद करेंगे [AIEEE 2002]

(a) $NH_4OH$ विलयन की अधिकता लेकर

(b) $NH_4^{+}$ आयन की सान्द्रता बढ़ाकर

(c) $OH^{-}$ आयन सान्द्रता घटाकर

(d) (b) तथा (c) दोनों

**34.** $[X] + H_2SO_4 \rightarrow [Y]$ एक रंगहीन तथा तीव्र गंध वाली गैस,

$[Y] + K_2Cr_2O_7 + H_2SO_4 \rightarrow$ हरा विलयन, $[X]$ और $[Y]$ है [IIT-JEE (Screening) 2003]

(a) $SO_3^{2-}, SO_2$ (b) $CI^{-}, HCI$

(c) $S^{2-}, H_2S$ (d) $CO_3^{2-}, CO_2$

**35.** क्षारीय मूलकों के विश्लेषण में $H_2S$ गैस सामान्यतः किस समूह का समूह अभिकर्मक है [MP PMT 2003]

(a) I और II समूह (b) II और III समूह

(c) III और V समूह (d) II और IV समूह

**36.** दो लवणों का मिश्रण जल में अघुलनशील है लेकिन तनु $HCl$ में पूर्ण घुलकर रंगहीन विलयन बनाता है, मिश्रण होगा [Pb. PMT 1998]

(a) $AgNO_3$ तथा $KBr$ (b) $BaCO_3$ तथा $ZnS$

(c) $FeCl_3$ तथा $CaCO_3$ (d) $Mn(NO_3)_2$ तथा $MgSO_4$

**37.** निम्न में से किसको सान्द्र $HCl$ की उपस्थिति में $H_2S$ प्रवाहित कर सल्फाइड के रूप में अवक्षेपित नहीं किया जा सकता [MP PMT 2000]

(a) कॉपर (b) आर्सेनिक

(c) कैडमियम (d) लैड

**38.** निम्न में से किस मिश्रण को सान्द्र सोडियम हाइड्रॉक्साइड अलग-अलग कर सकता है [MP PMT 2000]

(a) $Zn$ और $Pb$ (b) $Al$ और $Zn$

(c) $Cr$ और $Fe$ (d) $Al$ और $Cr$

**39.** $AgCl$ अमोनिया के विलयन में घुलकर देता है [MP PMT 1989; MP PET 2001]

(a) $Ag^+, NH_4^+$ और $Cl^-$ (b) $Ag(NH_3)^+$ और $Cl^-$

(c) $Ag_2(NH_3)^+$ और $Cl^-$ (d) $Ag(NH_3)_2^+$ और $Cl^-$

**40.** $K_4[Fe(CN)_6]$ विलयन को $FeCl_3$ के विलयन के साथ मिलाने पर कौनसा उत्पाद बनता है [Roorkee 1989]

(a) फैरो-फैरीसायनाइड (b) फैरिक-फैरोसायनाइड

(c) फैरी-फैरीसायनाइड (d) इनमें से कोई नहीं

**41.** पाँचवे समूह में, कार्बोनेट को अवक्षेपित करने के लिए हम $(NH_4)_2CO_3$ मिलाते हैं और $Na_2CO_3$ को नहीं मिलाते, क्योंकि [AIIMS 1982]

(a) $Na_2CO_3$ में $CaCO_3$ घुलनशील है

(b) $Na_2CO_3$ पाँचवे समूह के कार्बोनेटों की घुलनशीलता को बढ़ाता है

(c) $MgCO_3$ पाँचवे समूह में अवक्षेपित होगा

(d) इनमें से कोई नहीं

**42.** किसी अम्लीय विलयन में $Al^{3+}$, $Fe^{3+}$, $Zn^{2+}$ एवं $Ni^{2+}$ आयन उपस्थित हैं। इस विलयन में अधिक मात्रा में अमोनियम क्लोराइड विलयन डालकर अमोनियम हाइड्रॉक्साइड विलयन मिलाने पर प्राप्त अवक्षेप में होंगे [MP PMT 1996]

(a) $Zn(OH)_2$ तथा $Ni(OH)_2$

(b) $Al(OH)_3$ तथा $Fe(OH)_3$

(c) $Zn(OH)_2$ तथा $Al(OH)_3$

(d) $Ni(OH)_2$ तथा $Fe(OH)_3$

**43.** जब एक मिश्रण जिसमें $Cu$, $Ni$, तथा $Zn$ है, के अम्लीय विलयन में $H_2S$ गैस प्रवाहित करते हैं तो अवक्षेपित आयन होगें [RPMT 2002]

(a) $Cu, Ni$ (b) $Ni$

(c) $Cu, Zn$ (d) $Cu$

**44.** गुणात्मक विश्लेषण में आयरन समूह के अवक्षेपण में $NH_4Cl$ को $NH_4OH$ से पहले मिलाते हैं जो [AIIMS 1980; NCERT 1976; DPMT 1983; CPMT 1971, 73, 77,78, 80, 81, 83, 86; KCET 1999]

(a) $OH^-$ आयनों का सान्द्रण कम कर देता है

(b) फॉस्फेट आयनों के दखल को रोकता है

(c) $Cl^-$ आयनों का सान्द्रण बढ़ाता है

(d) $NH_4^+$ आयनों के सान्द्रण में वृद्धि करता है

**45.** फैरिक आयन निम्न में से किसके कारण प्रूशियन ब्लू रंग का अवक्षेप बनाते हैं [CPMT 1980; BHU 1980; MP PET 1995; Kurukshetra CEE 1998; RPET 1999; MP PMT 2001]

(a) $K_4Fe(CN)_6$ (b) $Fe_4[Fe(CN)_6]_3$

(c) $KMnO_4$ (d) $Fe(OH)_3$

**46.** $H_2S$ गैस को एक विलयन में प्रवाहित करने से सफेद अवक्षेप प्राप्त होता है तो विलयन में निम्न में से किसके आयन होते हैं [EAMCET 1979]

(a) लैड (b) जिंक

(c) कॉपर (d) निकिल

**47.** $(Sb_2S_3)$ के पीला अमोनियम सल्फाइड में बने विलयन में $HCl$ मिलाने पर किसका अवक्षेप प्राप्त होता है [CPMT 1979]

(a) $Sb_2S_3$ (b) $Sb_2S_5$

(c) $SbS$ (d) $SbS_2$

**48.** एक 0.3 $M$ $HCl$ विलयन में $Hg^{++}$, $Cd^{++}$, $Sr^{++}$, $Fe^{++}$, $Cu^{++}$ आयन उपस्थित हैं, इस विलयन में $H_2S$ गैस प्रवाहित करने पर निम्न में से कौन अवक्षेपित होते हैं [CPMT 1973]

(a) $Cd, Cu$ एवं $Hg$ (b) $Cd, Fe$ एवं $Sr$

(c) $Hg, Cu$ एवं $Fe$ (d) $Cu, Sr$ एवं $Fe$

**49.** निम्न में से कौन $Pb(NO_3)_2$ के साथ अवक्षेप देता है, लेकिन $Ba(NO_3)_2$ के साथ नहीं देता [CPMT 1979; MP PET 1997]

(a) $NaCl$

(b) सोडियम एसीटेट

(c) सोडियम नाइट्रेट

(d) सोडियम हाइड्रोजन फॉस्फेट

**50.** कॉपर सल्फेट के विलयन में आधिक्य में अमोनियम हाइड्रॉक्साइड डालने पर [MP PMT 1995]

(a) कॉपर हाइड्रॉक्साइड का नीला अवक्षेप प्राप्त होता है

(b) कॉपर ऑक्साइड का काला अवक्षेप प्राप्त होता है

(c) एक गहरे नीले रंग का विलयन प्राप्त होता है

(d) कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता

**51.** $H_2S$ की निम्न में से किस के साथ क्रिया से काला सल्फाइड प्राप्त होता है [IIT 1978]

(a) क्यूप्रिक क्लोराइड (b) कैडमियम क्लोराइड

(c) जिंक क्लोराइड (d) सोडियम क्लोराइड

**52.** एक जलीय विलयन में $Hg_2^{2+}$, $Hg^{2+}$, $Pb^{2+}$, और $Cd^{2+}$ आयन होते हैं। तो तनु $HCl(6N)$ को मिलाने से अवक्षेपित होगा [IIT 1995]

(a) केवल $Hg_2Cl_2$ (b) केवल $PbCl_2$

(c) $PbCl_2$ एवं $HgCl_2$ (d) $Hg_2Cl_2$ एवं $PbCl_2$

**53.** समूह III के मूलकों में $NH_4Cl$ के स्थान पर इनमें से किसका उपयोग किया जा सकता है [AIIMS 1980, 82; MP PMT 1985]

(a) $NH_4NO_3$ (b) $(NH_4)_2SO_4$

(c) $(NH_4)_2CO_3$ (d) $NaCl$

**54.** जब $BaCl_2$ के संतृप्त विलयन में $HCl$ गैस प्रवाहित की जाती है तो सफेद अवक्षेप प्राप्त होता है, इसका कारण है [CPMT 1979]

(a) $BaCl_2$ में अशुद्धियाँ (b) $HCl$ में अशुद्धियाँ
(c) $BaCl_2$ का अवक्षेपण (d) संकुल का बनना

55. कौनसा यौगिक गर्म तनु $HNO_3$ में नहीं घुलता है [IIT 1996]
(a) $HgS$ (b) $PbS$
(c) $CuS$ (d) $CdS$

56. वह आयन जिसका अवक्षेपण $HCl$ तथा $H_2S$ दोनों के द्वारा किया जा सकता है [MP PET 1996; JIPMER (Med.) 2002]
(a) $Pb^{2+}$ (b) $Fe^{3+}$
(c) $Zn^{2+}$ (d) $Cu^{2+}$

57. निम्न में से कौनसा सल्फेट जल में अघुलनशील है [MNR 1995]
(a) $CuSO_4$ (b) $CdSO_4$
(c) $PbSO_4$ (d) $Bi(SO_4)_3$

58. एक विलयन की डाइमेथिल ग्लाइऑक्जिम के साथ क्रिया कराने पर गुलाब जैसा लाल संकुल प्राप्त होता है, निम्न में से कौनसी धातु उपस्थित है [AFMC 1982; BHU 1979]
(a) $Ni$ (b) $V$
(c) $Co$ (d) $Mn$

59. जब बिस्मथ क्लोराइड को अधिक जल में मिलाते हैं तो किसका सफेद अवक्षेप प्राप्त होता है [MP PMT 1985; CPMT 1979]
(a) $Bi(OH)_3$ (b) $Bi_2O_3$
(c) $BiOCl$ (d) $Bi_2OCl_3$

60. ऐसा यौगिक जो $NH_4OH$ के साथ काले रंग में बदल जाता है [AFMC 1981; MP PMT 1995]
(a) लैड क्लोराइड (b) मरक्यूरस क्लोराइड
(c) मरक्यूरिक क्लोराइड (d) सिल्वर क्लोराइड

61. कोबाल्ट क्लोराइड विलयन का रंग होता है [AFMC 1981]
(a) गुलाबी (b) काला
(c) रंगहीन (d) हरा

62. पाँचवे समूह के मूलकों के अवक्षेपण में अमोनियम कार्बोनेट के स्थान पर सोडियम कार्बोनेट का उपयोग नहीं करते, क्योंकि [AIIMS 1980]
(a) सोडियम आयन, पाँचवे समूह के मूलकों के निर्धारण में बाधक होते हैं
(b) कार्बोनेट आयनों का सान्द्रण बहुत कम है
(c) सोडियम अम्लीय मूलकों से क्रिया करता है
(d) मैग्नीशियम अवक्षेपित होता है

63. नेसलर अभिकर्मक का उपयोग निम्न के परीक्षण में करते हैं [CPMT 1989; AIIMS 1997; MP PET 1999]
(a) $CrO_4^{2-}$ (b) $PO_4^{3-}$
(c) $MnO_4^-$ (d) $NH_4^+$

64. हल्का हरे रंग का लवण जल में विलेय है, $H_2S$ गैस को इस विलयन में प्रवाहित करने पर काला अवक्षेप प्राप्त होता है जो $HCl$ में शीघ्र विलेय है, उसमें उपस्थित धातु आयन है [BHU 1981]
(a) $Co^{2+}$ (b) $Fe^{2+}$
(c) $Ni^{2+}$ (d) $Mn^{2+}$

65. पीला अमोनियम सल्फाइड विलयन निम्न में से किस के पृथक्करण के लिये उपयुक्त अभिकर्मक है [BHU 1987]
(a) $HgS$ व $PbS$ (b) $PbS$ व $Bi_2S_3$
(c) $Bi_2S_3$ व $CuS$ (d) $CdS$ व $As_2S_3$

66. $Fe(OH)_3$ को $Al(OH)_3$ से निम्न को मिलाकर अलग करते हैं [BHU 1981]
(a) तनु $HCl$ (b) $NaCl$ विलयन
(c) $NaOH$ विलयन (d) $NH_4Cl$ एवं $NH_4OH$

67. अभिकर्मक $NH_4Cl$ व जलीय अमोनिया अवक्षेपित करती है [IIT 1991]
(a) $Ca^{2+}$ (b) $Al^{3+}$
(c) $Mg^{2+}$ (d) $Zn^{2+}$

68. किस लवण का जलीय विलयन रंगीन होता है [IIT 1990]
(a) $Zn(NO_3)_2$ (b) $LiNO_3$
(c) $CrCl_3$ (d) पोटाश एलम

69. $Cu^{2+}$ एवं $Ni^{2+}$ युक्त मिश्रण को पहचान के लिए पृथक किया जा सकता है [MP PMT 1994]
(a) अम्लीय माध्यम में $H_2S$ प्रवाहित करके
(b) क्षारीय माध्यम में $H_2S$ प्रवाहित करके
(c) उदासीन माध्यम में $H_2S$ प्रवाहित करके
(d) शुष्क मिश्रण में $H_2S$ प्रवाहित करके

70. $HgCl_2$ में $SnCl_2$ मिलाने पर प्राप्त अवक्षेप हैं [BVP 2003]
(a) सफेद जो कि लाल में बदल जाता है
(b) सफेद जो स्लेटी में परिवर्तित हो जाता है
(c) काला जो कि सफेद में परिवर्तित हो जाता है
(d) इनमें से कोई नहीं

71. जब $KI$ के विलयन में $AgNO_3$ का तनु जलीय विलयन अधिकता में मिलाया जाता है, तो कौनसे आयनों के अधिशोषण द्वारा धनात्मक आवेश वाले $AgI$ का सॉल बनता है [BHU 2003]
(a) $NO_3^-$ (b) $O_2^-$
(c) $Ag^+$ (d) $K^+$

72. हीमोग्लोबिन निम्न में से किसका संकुल है [CPMT 2003]
(a) $Fe^{3+}$ (b) $Fe^{2+}$
(c) $Fe^{4+}$ (d) $Cu^{2+}$

73. एक रंगहीन क्रिस्टलीय लवण '$X$' तनु $HCl$ में विलेय है। $NaOH$ विलयन मिलाने पर यह सफेद अवक्षेप देता है जो $NaOH$ की अधिकता में अविलेय होता है। '$X$' है [KCET 2003]
(a) $Al_2(SO_4)_3$ (b) $ZnSO_4$
(c) $MgSO_4$ (d) $SnCl_2$

74. चतुर्थ समूह के धनायनों का अवक्षेपण होता है जब $H_2S$ होती है [RPET 2003]
(a) अत्याधिक आयनित (b) कम आयनित
(c) आयनित नहीं होती (d) इनमें से कोई नहीं

75. अमोनिया की पहचान करने में प्रयुक्त नैसलर अभिकर्मक की क्रियात्मक प्रजाति है [Kerala (Med.) 2003]

(a) $Hg_2Cl_2$ (b) $Hg^{2+}$
(c) $Hg_2I_2$ (d) $HgI_4^{2-}$

76. किसी लवण के विलयन में $NaOH$ का जलीय विलयन डालने पर सफेद जिलेटिन अवक्षेप प्राप्त होता है जो अधिक क्षार में विलेय है। लवण के विलयन में उपस्थित है [MP PMT 1994]
(a) क्रोमियम आयन (b) एल्यूमीनियम आयन
(c) बेरियम आयन (d) आयरन आयन

77. सान्द्र $HCl$ में बना विलयन, जिसमें जल मिलाने पर प्रथम समूह के मूलकों की अनुपस्थिति में भी कभी-कभी सफेद धुंध देता है इसका कारण इसमें निम्न की उपस्थिति है
(a) $Hg^{2+}$ (b) $Sb^{3+}$
(c) $Ag^{3+}$ (d) $Sb^{3+}$ या $Bi^{3+}$ या दोनों

78. निम्नलिखित में से किस आयन युग्म को तनु विलयनों में मिलाने पर अवक्षेप बनता है
[CPMT 1976; NCERT 1987; Kurukshetra CEE 1998]
(a) $Na^+, SO_4^{2-}$ (b) $NH_4^+, CO_3^{2-}$
(c) $Na^+, S^{2-}$ (d) $Fe^{3+}, PO_4^{3-}$

79. किसी अम्लीय विलयन को तनु बनाने पर निम्न में से कौनसा सल्फाइड पूरी तरह अवक्षेपित होगा [MP PET 2000]
(a) $HgS$ (b) $PbS$
(c) $CdS$ (d) $CuS$

80. वह अभिकर्मक जो $Fe^{2+}$ आयन की उपस्थिति को दर्शाता है
[KCET 1998]
(a) $H_2S$ (b) $NH_4CNS$
(c) $K_4Fe(CN)_6$ (d) $K_3Fe(CN)_6$

81. कॉपर सल्फेट के संदर्भ में कौनसा कथन सत्य नहीं है
[UPSEAT 2001]
(a) यह $KI$ के साथ क्रिया करके आयोडीन देता है
(b) यह $KCl$ के साथ क्रिया करके $Cu_2Cl_2$ देता है
(c) यह $NaOH$ तथा ग्लूकोज के साथ क्रिया करके $Cu_2O$ देता है
(d) यह वायु में प्रबलता के साथ गर्म किये जाने पर $CuO$ देता है

82. सही कथन पर निशान लगाइये [MP PMT 2002]
(a) प्रथम समूह के क्षारीय मूलक क्लोराइड के रूप में अवक्षेपित होते हैं
(b) चतुर्थ समूह के क्षारीय मूलक सल्फाइड के रूप में अवक्षेपित होते हैं
(c) पंचम समूह के क्षारीय मूलक कार्बोनेट के रूप में अवक्षेपित होते हैं
(d) सभी कथन सत्य हैं

83. निम्न चार विलयनों को अलग-अलग बीकर में रखकर सभी में कॉपर धातु डालते हैं। थोड़े समय के पश्चात कौनसा विलयन नीला हो जायेगा [MP PMT 2003]
(a) $AgNO_3$ विलयन (b) $Zn(NO_3)_2$ विलयन
(c) $Ba(NO_3)_2$ विलयन (d) $NaNO_3$ विलयन

84. निम्न में से किसके जलीय विलयन को मिलाने पर $Cu^{2+}$ आयन $Cu^+$ आयन में अपचयित हो जायेगा [AIIMS 1992]
(a) $KF$ (b) $KCl$
(c) $KI$ (d) $KOH$

85. कौनसे मूलक क्षारीय विलयन में $(NH_4)_2CO_3$ के साथ अवक्षेपित होते हैं
(a) $Ca, Ba, Sr$ (b) $Mg$
(c) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

86. निम्नलिखित में से कौनसा पीले अमोनियम सल्फाइड में घुलनशील है [MP PET 1994, 97]
(a) $CuS$ (b) $CdS$
(c) $SnS$ (d) $PbS$

87. किस मिश्रण को सोडियम हाइड्रॉक्साइड के सान्द्र जलीय विलयन द्वारा अलग किया जा सकता है [UPSEAT 1999]
(a) $Al$ और $Sn$ (b) $Al$ और $Fe$
(c) $Al$ और $Zn$ (d) $Zn$ और $Pb$

88. $Ag$, $Cu$ तथा $Zn$ के अम्लीय विलयन में $H_2S$ प्रवाहित करने पर किसका सफेद अवक्षेप प्राप्त होता है [BHU 1998]
(a) $Ag$ (b) $Zn$
(c) $Cu$ (d) इनमें से कोई नहीं

89. गुणात्मक अकार्बनिक विश्लेषण में III-$A$ समूह के हाइड्रॉक्साइडों के अवक्षेपण में परीक्षण विलयन में $NH_4Cl$ की उपस्थिति निम्नांकित में से किसके लिये सहायक होती है
(a) $[OH^-]$ में कमी (b) $[NH_4OH]$ में कमी
(c) $[OH^-]$ में वृद्धि (d) $[NH_4OH]$ में वृद्धि

90. $Cu$ (II), $Pb$ (II) और $Zn$ (II) आयनों के जलीय विलयन को $H_2S$ से संतृप्त करने पर अवक्षेपित होगा
(a) केवल $CuS$ (b) केवल $PbS$
(c) $CuS$ और $PbS$ दोनों (d) $CuS$, $PbS$ और $ZnS$

